ज्येष्ठ कृष्णा - 15 ▪ संवत 2082 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 297 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 27-05-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस अब लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात कर रही

6 नए आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल

7 वेबसीरीज 'सिंगल पापा' में नजर आएंगी नेहा धूपिया



## फर्स्ट टेक

### कोविड संक्रमण पर बारीकी से नजर

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर राजीव बहल ने कहा है कि देश में कोविड संक्रमण की स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और फिलहाल चिन्ता की बात नहीं है। डॉ बहल ने सोमवार को यहां कहा कि देश में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि इन्हें लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के सभी एजेंसियां स्थिति पर बारीकी से निगाह रख रही है और उचित समय पर तुरंत कदम उठा लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण की गंभीरता बहुत कम है और लोगों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में कोविड संक्रमण से निपटने के लिए कई तरह की वैक्सीन मौजूद है। देशभर में कोविड संक्रमण के संदिग्ध मामलों की जांच की जा रही है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड संक्रमण के 1000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं।

### सरकार ने कुछ चमड़ा उत्पादों पर बंदरगाह प्रतिबंध हटाए

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सोमवार को तैयार, गीले नीले और 'ईआई टैन्ड' सहित कुछ खास प्रकार के चमड़े के निर्यात पर बंदरगाह प्रतिबंध हटा दिए। इस कदम का क्षेत्र के निर्यातकों ने स्वागत किया है। सरकार ने तैयार चमड़े, गीले नीले चमड़े, क्रस्ट चमड़े और 'ईआई (पूर्वी भारत) टैन्ड' चमड़े के लिए केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सीएलआरआई) द्वारा परीक्षण और प्रमाणन की आवश्यकता को भी समाप्त कर दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, ''अधिसूचना इन चमड़ा उत्पादों के निर्यात पर बंदरगाह प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाती है।'' चमड़ा निर्यातकों ने कहा कि इस कदम से निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

### एनएसए डोभाल की मॉस्को यात्रा रद्द

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की इस सप्ताह प्रस्तावित मॉस्को यात्रा रद्द कर दी गई है, क्योंकि मौसमी फ्लू के कारण उनकी तबीयत खराब है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। डोभाल को 27 से 29 मई तक मॉस्को में आयोजित होने वाली सुरक्षा मुद्दों के लिए उच्च स्तरीय प्रतिनिधियों की 13वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक में भाग लेने जाना था। सूत्रों ने बताया कि मौसमी फ्लू संबंधी अस्वस्थता के कारण वह बैठक में भाग लेने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि एनएसए शीघ्र ही सामरिक और सुरक्षा मामलों पर रूस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

| सूर्यास्त 26-05-2025 | सूर्योदय 27-05-2025 |
|---|---|
| 6:30 बजे | 5:41 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 82,176.45 | 25,001.15 |
| (+455.38) | (+148.00) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10,098 रु. | 111,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### सेना का सामर्थ्य

हो बयान कमजोर भले पर,
सेना तो कमजोर नहीं है।
सेना के संरक्षण के बिन,
किसी संघ में जोर नहीं है।
जिसके हाथों में कमान है,
वो कच्चा या चोर नहीं है।
महाशक्ति है अपना भारत,
पहले वाला दौर नहीं है।।

# आतंकवाद को ही पर्यटन मानता है पाकिस्तान

■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान की जनता से आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की और कहा, सुख-चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही।



■ गुजरात में कच्छ जिले के भुज शहर में 50,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुज/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पाकिस्तान की जनता से आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां भारत पर्यटन में विश्वास करता है, वहीं पाकिस्तान आतंकवाद को ही पर्यटन मानता है''। प्रधानमंत्री मोदी ने आगाह किया कि यह मानसिकता न केवल पाकिस्तान को बर्बाद कर रही है, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक गंभीर खतरा भी पैदा कर रही है।

गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की सैन्य प्रतिक्रिया के रूप में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद गुजरात की अपनी पहली यात्रा पर आए मोदी ने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान के लोग शांति का रास्ता नहीं चुनते हैं, तो उन्हें भारतीय सेना की क्रोध का सामना करना पड़ेगा।

सोमवार (26 मई) को प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के 11 साल पूरे करने वाले मोदी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जापान को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को सोचना चाहिए कि उनका देश कहां खड़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था (2014 में) 11वें स्थान पर थी, लेकिन आज 11 साल बाद यह चौथे स्थान पर है।''

वह गुजरात में कच्छ जिले के भुज शहर में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे, जिसकी पाकिस्तान के साथ भूमि सीमा और समुद्री सीमा दोनों लगती हैं।

उन्होंने सीमापार आतंकवाद को प्रायोजित करने के लिए पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया और उसके नागरिकों से कहा कि वे देखें कि उन्होंने इतने साल में क्या हासिल किया है और उनका देश कहां खड़ा है। उन्होंने कहा, ''जिन लोगों ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया, उन्होंने आपका भविष्य बर्बाद कर दिया।''

मोदी ने कहा, ''भारत जहां पर्यटन में विश्वास रखता है, वहीं पाकिस्तान आतंकवाद को पर्यटन मानता है, जो दुनिया के लिए बहुत खतरनाक है। मैं पाकिस्तान के लोगों से पूछना चाहता हूं – उन्होंने क्या हासिल किया है? आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। लेकिन आपकी स्थिति क्या है? आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों ने आपका भविष्य बर्बाद कर दिया।''

## जासूसी मामला
### ज्योति मल्होत्रा को न्यायिक हिरासत

**हिसार/भाषा।** हरियाणा के हिसार की एक अदालत ने कथित जासूसी के एक मामले में पुलिस हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद सोमवार को यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ज्योति (33) को अदालत में पेश किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने ज्योति की हिरासत नहीं मांगी, जिसके बाद अदालत ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इस बीच ज्योति के तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप से डेटा बरामद कर लिया गया है, जिसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया था। सूत्रों के मुताबिक, करीब 10 से 12 टेराबाइट डेटा बरामद किया गया है। इस संबंध में आगे की जांच जारी है। सूत्रों ने बताया कि ज्योति के चार बैंक खातों की भी जांच की जा रही है।

## तमिलनाडु, असम में
### राज्यसभा की आठ सीट के लिए चुनाव 19 जून को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नयी दिल्ली/भाषा।** असम में दो और तमिलनाडु में छह राज्यसभा सीट के लिए चुनाव 19 जून को होगा। यह घोषणा निर्वाचन आयोग ने सोमवार को की। असम में दो और तमिलनाडु में छह राज्यसभा सीट क्रमशः जून और जुलाई में रिक्त होंगी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास 126 सदस्यीय असम विधानसभा में 84 सीट हैं। असम से राज्यसभा सदस्य वीरेंद्र प्रसाद वैश्य (असम गण परिषद) और एम रंजन दास (भाजपा) की सीट खाली हो रही हैं। तमिलनाडु के छह सदस्यों – अंबुमणि रामदास (पट्टाली मक्कल काची), एन चंद्रशेखरन (अन्नाद्रमुक), मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), एम षणमुगम (द्रमुक), पी विल्सन (द्रमुक) और वाइको (एमडीएमके) – का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। इन चुनावों से राज्यसभा के राजनीतिक समीकरणों पर कोई फर्क पड़ने की संभावना नहीं है।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 2 जून को जारी की जाएगी। मतगणना उसी दिन होगी।

नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 जून है। यदि नामांकन पत्र दाखिल करने वालों की संख्या रिक्त होने वाली सीट की संख्या के बराबर होगी तो परिणाम उसी दिन घोषित किए जा सकते हैं।

# संघर्षविराम में ट्रंप की कोई भूमिका नहीं : जयशंकर

## पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका गया 'ऑपरेशन सिंदूर'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि भारतीय सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने पाकिस्तान को उनके क्षेत्र में आतंकी शिविरों पर हवाई हमले करने के बाद ही उन्हें सूचित किया था।

जयशंकर ने यह भी कहा कि उन्होंने पाकिस्तान से कभी बात नहीं की और अमेरिका के कथित 'हस्तक्षेप' के बारे में स्पष्ट किया कि सैन्य अभियान को रोकने का निर्णय पाकिस्तान की ओर से अनुरोध के बाद द्विपक्षीय रूप से लिया गया था।

मंत्री ने विदेश मामलों की सलाहकार समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' को तभी रोका गया जब पाकिस्तान के डीजीएमओ ने इसे रोकने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच अमेरिकी मध्यस्थता का कोई सवाल ही नहीं है।

कांग्रेस और राहुल गांधी, जयशंकर पर निशाना साधते हुए आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने आतंकी शिविरों पर भारतीय हमलों के बारे में पाकिस्तान को पहले ही सूचित कर दिया था।

सूत्रों ने बताया कि मंत्री ने बैठक में सांसदों को बताया कि केवल दोनों देशों के डीजीएमओ ने एक-दूसरे से बात की और किसी अन्य भारतीय अधिकारी ने पाकिस्तानी पक्ष से बात नहीं की। उन्होंने कहा कि भारत से पाकिस्तान से बात करने का आग्रह करने वाले अमेरिका को बताया गया कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं हो सकती।

विदेश मंत्री ने बैठक के दौरान सांसदों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' को रोकने और अमेरिकी 'हस्तक्षेप' के बारे में पूछे गए कई सवालों के जवाब में बताया कि डीजीएमओ ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष को सूचित किया था कि अगर वे गोलीबारी करेंगे, तो भारत जवाबी गोलीबारी करेगा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर लक्षित हमलों ने पाकिस्तानी सेना के मनोबल को भी चोट पहुंचाई है। सूत्रों ने बताया कि मंत्री ने दुनिया भर में पाकिस्तान को 'बेनकाब' करने में सभी सांसदों से सहयोग मांगा।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा
# अब आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## किसान भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास की रीढ़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नरसिंहपुर (मप्र)/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले करके करारा जवाब दिया और दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि देश अब आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा।

यहां आयोजित तीन दिवसीय 'कृषि उद्योग समागम' का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में धनखड़ ने किसानों को भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास की रीढ़ बताया और विश्वास जताया कि देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके जवाब में भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए धनखड़ ने कहा कि आज पूरा देश राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पहलगाम का जवाब दिया गया और इसका लोहा दुनिया ने माना है। देश के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। देश के प्रधानमंत्री ने बिहार से संदेश दिया था कि जिन्होंने सिंदूर मिटाया है, उनको धरती पर रहने का अधिकार नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय सीमा के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों पर क्या सटीक बमबारी हुई, नष्ट कर दिया गया उन्हें। अब कोई प्रमाण नहीं मांग रहा है। कारण यह है कि जब उनके शव ले जाए जा रहे थे तब उनकी फौज खड़ी थी, उनके नेता खड़े थे और आतंकवादी खड़े थे। सबूत की आवश्यकता नहीं रही। उन्होंने ही यह प्रमाण विश्व के सामने दे दिया।''

धनखड़ ने कहा कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हर भारतीय का सिर ऊंचा कर दिया है और हर कोई शान से कह रहा है कि ''हम भारतीय हैं।'' उन्होंने कहा, ''भारत अब बदल चुका है। भारत अब आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। जो 70 साल में नहीं हुआ वह कठोर निर्णय भारत के प्रधानमंत्री ने लिया तथा पाकिस्तान का पानी बंद कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। यह बहुत बड़ा संदेश उन्होंने दिया है। जिनका सिंदूर उजड़ा है, उनकी लाज रखी।''



### मुंबई में बारिशः एक भूमिगत मेट्रो स्टेशन जलमग्न

**मुंबई/भाषा।** मुंबई में सोमवार को भारी बारिश के कारण एक भूमिगत स्टेशन में पानी भर जाने के बाद आचार्य अत्रे चौक और वर्ली के बीच मेट्रो लाइन 3 पर ट्रेन सेवाएं स्थगित कर दी गईं। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) को भूमिगत आचार्य अत्रे चौक स्टेशन पर पानी भरने की सूचना मिलने के बाद परिचालन को स्थगित करना पड़ा। एमएमआरसी ने एक बयान में कहा, ''आज अचानक हुयी तेज बारिश के कारण, डॉ. एनी बेसेंट रोड पर आचार्य अत्रे चौक स्टेशन के निर्माणाधीन प्रवेश/निकास ढांचे में पानी का रिसाव हुआ। यह घटना तब हुई जब प्रवेश/निकास पर निर्मित जल-अवरोधक दीवार अचानक पानी आने के कारण ढह गई।'' इसने कहा कि एहतियाती उपाय के तौर पर तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वर्ली और आचार्य अत्रे चौक के बीच ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। हालांकि, आरे जेवीएलआर से वर्ली तक की सेवाएं प्रभावित नहीं हैं और नियमित रूप से जारी हैं।

## सभी मुद्दों के हल के लिए
# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भारत के साथ शांति वार्ता की इच्छा जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर, आतंकवाद, जल और व्यापार सहित सभी मुद्दों को सुलझाने के लिए भारत के साथ शांति वार्ता करने की सोमवार को इच्छा व्यक्त की। शरीफ ने यह टिप्पणी ईरान की राजधानी तेहरान में की, जहां वह चार देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री तुर्किये से ईरान की राजधानी पहुंचे, जहां राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सादाबाद पैलेस में उनका स्वागत किया। शरीफ को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और उन्होंने राष्ट्रपति पेजेशकियन के साथ बातचीत की।

पेजेशकियन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि वह शांति के लिए भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, ''हम कश्मीर मुद्दे और जल मुद्दे सहित सभी विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहते हैं और व्यापार तथा आतंकवाद-रोधी मुद्दों पर भी अपने पड़ोसी के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने साथ ही चेतावनी दी कि अगर भारत ने युद्ध का रास्ता चुना तो इसका जवाब दिया जाएगा।

## तेजप्रताप यादव की अलग रह रहीं पत्नी ने राजद से उनके निष्कासन पर कहा
# यह नाटक है, नजर चुनावों पर : ऐश्वर्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** राष्ट्रीयय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की अलग रह रहीं बहू ऐश्वर्या ने सोमवार को दावा किया कि उनके पति तेजप्रताप यादव को पार्टी से निष्कासित करना आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर किया गया एक ''नाटक'' है।

लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को ''गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार'' के कारण छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और उनके साथ सभी पारिवारिक संबंध भी तोड़ दिए।

ऐश्वर्या ने आज यहां संवाददाताओं से बात करते हुए अपने ससुराल वालों पर एक ऐसे व्यक्ति से उनकी शादी कराकर जीवन बर्बाद करने का आरोप लगाया, जिसका व्यवहार असामान्य है।

ऐश्वर्या ने कहा, ''यह नाटक चुनावों को ध्यान में रखकर किया गया है। मुझे नहीं लगता कि कोई दरार है। वे सभी मिले हुए हैं। मुझे यकीन है कि कल भी राबड़ी देवी (ऐश्वर्या की सास) ने तेजप्रताप के आंसू पोंछकर और यह आश्वस्त करके उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की होगी कि सभी चीजें सुलझ जाएंगी।''

तेजप्रताप और ऐश्वर्या ने 2018 में शादी की थी, लेकिन कुछ महीनों के बाद, ऐश्वर्या ने शारीरिक और भावनात्मक यातना का आरोप लगाते हुए ससुराल छोड़ दिया था।

# पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियन्स को हराया



**जयपुर/भाषा।** अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद जोश इंग्लिस और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मुकाबले में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराकर शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित की।

प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी इन दोनों टीम के बीच हुए मुकाबले के विजेता का लीग चरण खत्म होने पर शीर्ष दो में रहना तय था। पंजाब की टीम ने लीग चरण में अपने अभियान का अंत 14 मैच में 19 अंक के साथ किया। टीम अभी शीर्ष पर है। मुंबई की टीम 14 मैच में 16 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

मुंबई के 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने इंग्लिस (73 रन, 42 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) और प्रियांश (62 रन, 35 गेंद, नौ चौके, दो छक्के) के बीच दूसरे विकेट की 109 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' ने साबित किया कि

# कोई सेना, जनता और सीमा के साथ छेड़खानी नहीं कर सकता : शाह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नांदेड़/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ने न केवल पाकिस्तान बल्कि दुनिया को भी यह संदेश दिया है कि कोई भी भारत की सेना, जनता और सीमा के साथ छेड़खानी नहीं कर सकता। शाह महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक 'शंखनाद रैली' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल पाकिस्तान बल्कि दुनिया को यह संदेश दिया है कि कोई भी भारत की सेना, भारत की जनता और भारत की सीमा के साथ छेड़खानी नहीं कर सकता, अन्यथा नतीजे भुगतने होंगे।''

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किए गए पहलगाम हमले को कायराना कृत्य बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटना में कहा था कि आतंकी कहीं भी छिपे हों, उन्हें खोजकर मिट्टी में मिला दिया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा, ''पाकिस्तान भूल गया कि 11 साल पहले कांग्रेस की सरकार थी, जो अब बदल गई है। हमने उरी, पुलवामा और पहलगाम हमलों का जवाब दिया और आतंकी ठिकानों पर हमला किया।''

'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि 6-7 मई की रात को 22 मिनट में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया गया, वहीं भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान की मिसाइलें और ड्रोन देश की धरती को छू न सकें। उन्होंने कहा कि 9 मई को भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, ''मोदीजी ने घोषणा की है कि अगर निर्दोष भारतीय नागरिकों का खून बहाया गया तो जवाबी कार्रवाई की जाएगी। अगर हमारी महिलाओं के सिंदूर को नुकसान पहुंचाया गया, तो जवाब और भी जोरदार होगा।''





# मुंबई में 75 साल में सबसे जल्द मानसून आया, एक्वा लाइन स्टेशन जलमग्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** देश की आर्थिक राजधानी में सोमवार को मानसून ने जोरदार तरीके से दस्तक दी। भारी बारिश के कारण मध्य रेलवे की हार्बर लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सेवाएं स्थगित कर दी गईं, जबकि महानगर के कई इलाकों में जलभराव की खबरें आईं।

पश्चिमी महाराष्ट्र और तटीय कोंकण क्षेत्र के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश की खबर है। एक अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण भूमिगत स्टेशन में पानी भर जाने के बाद सोमवार को आचार्य अत्रे चौक और वर्ली के बीच मेट्रो लाइन 3 पर ट्रेन सेवा स्थगित कर दी गई। मौसम विभाग की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने बताया, ''दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 26 मई को मुंबई में दस्तक दी। पिछले 75 वर्षों में मानसून इतना शीघ्र पहुंचा है।''

नायर ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 1956 में 29 मई को मुंबई पहुंचा था। यह 1962 और 1971 में इसी तारीख को पहुंचा था। मुंबई में मानसून के आगमन की सामान्य तारीख 11 जून है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) को भूमिगत आचार्य अत्रे चौक स्टेशन पर पानी भरने की सूचना मिलने के बाद परिचालन स्थगित करना पड़ा।

मेट्रो स्टेशन के अंदर जलभराव से 33 किलोमीटर लंबे कोलाबा-बीकेसी-आरे जेवीएलआर भूमिगत मेट्रो कॉरिडोर पर भूमिगत मेट्रो स्टेशन के निर्माण की गुणवत्ता एवं मानसून की तैयारियों को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। एमएमआरसी ने एक बयान में कहा, ''आज अचानक और तीव्र बारिश के कारण, डॉ. एनी बेसेंट रोड पर आचार्य अत्रे चौक स्टेशन के निर्माणाधीन प्रवेश/निकास ढांचे में पानी का रिसाव हुआ। यह घटना तब हुई जब प्रवेश/निकास पर निर्मित आरसीसी जल-अवरोधक दीवार पास से अचानक पानी के प्रवेश के कारण ढह गई।''

इसने कहा कि एहतियाती उपाय के तौर पर तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वर्ली और आचार्य अत्रे चौक के बीच ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। हालांकि, आरे जेवीएलआर से वर्ली तक की सेवाएं प्रभावित नहीं हैं और नियमित रूप से जारी हैं। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अनुसार पूर्वाह्न नौ बजे से 10 बजे के बीच, द्वीपीय शहर में सबसे अधिक वर्षा नरीमन प्वाइंट दमकल केंद्र इलाके में दर्ज की गई। यहां 104 मिलीमीटर बारिश हुई, जिसके बाद 86 मिलीमीटर बारिश के साथ ए वार्ड ऑफिस दूसरे स्थान पर रहा जबकि कोलाबा पंपिंग स्टेशन में 83 मिलीमीटर और नगर मुख्यालय में 80 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की आंधी और तेज हवाओं की चेतावनी के बीच मुंबई के कई इलाकों में कुछ घंटों तक भारी बारिश हुई।

## इंडिगो में 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच सकते हैं राकेश गंगवाल, पारिवारिक ट्रस्ट



**नई दिल्ली/भाषा।** इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनका पारिवारिक ट्रस्ट मंगलवार को एयरलाइन में कम से कम 6,831 करोड़ रुपए में 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इंडिगो के सह-संस्थापक गंगवाल दूसरे सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ तीखे विवाद के बाद चरणबद्ध तरीके से अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि गंगवाल के अलावा चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो में 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट की न्यासी शोभा गंगवाल और डेलावेयर की जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी हैं। उन्होंने कहा कि निवेश बैंकिंग फर्म गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी और जे पी मॉर्गन इंडिया हिस्सेदारी बिक्री के लिए नियोजन एजेंट हैं। इस समय गंगवाल और पारिवारिक ट्रस्ट के पास इंडिगो में कुल मिलाकर लगभग 13.5% हिस्सेदारी है।

## 2025-26 में

# दोपहिया उद्योग की वृद्धि 'मध्यम से उच्च' एकल अंक में रहने की उम्मीद: हीरो मोटोकॉर्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** हीरो मोटोकॉर्प के कार्यवाहक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम कस्बेकर ने कहा है कि अनुकूल व्यापक आर्थिक कारकों के चलते घरेलू दोपहिया उद्योग चालू वित्त वर्ष में 'मध्य से उच्च' एकल अंक की वृद्धि दर्ज करेगा।

हीरो मोटोकॉर्प ने 2024-25 में 59 लाख इकाइयों की बिक्री के साथ बाजार में अग्रणी स्थिति बरकरार रखी है।

कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 4,376 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि 2023-34 में यह आंकड़ा 3,742 करोड़ रुपए था।

विश्लेषकों के साथ बातचीत में कस्बेकर ने कहा कि सीमा पर हालात और घरेलू मोर्चे पर व्यापार तनाव के कारण वैश्विक उथल-पुथल जारी है, लेकिन मुद्रास्फीति में कमी, ब्याज दरों में कमी और आयकर में कटौती तथा बेहतर मानसून की उम्मीदों के कारण अर्थव्यवस्था ने सकारात्मक शुरुआत की है।

उन्होंने कहा, ''दोपहिया वाहन उद्योग की बात करें तो सकारात्मक आर्थिक गति के आधार पर मांग अच्छी तरह से आकार ले रही है। विशेष रूप से मई और जून में शादी-विवाह के सीजन की वजह से इसमें तेजी आई है। कुल मिलाकर, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में उद्योग मध्यम से उच्च एकल अंक में बढ़ेगा।''



# अनावरण से पहले अजीत जोगी की प्रतिमा गायब, बाद में बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गौरेला (छत्तीसगढ़)/भाषा।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के गौरेला शहर के तिराहे पर अनावरण के लिए रखी गई पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की आदमकद प्रतिमा को कुछ लोगों ने वहां से हटाकर अन्य स्थान पर फेंक दिया था जिसे बाद में बरामद कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने प्रतिमा को गौरेला नगर पालिका कार्यालय के परिसर से बरामद किया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि जोगी की प्रतिमा को कुछ दिनों पहले गौरेला शहर के ज्योतिपुर तिराहे पर सड़क किनारे एक मंच पर स्थापित किया गया था। प्रतिमा का अनावरण 29 मई को जोगी की पुण्यतिथि पर किया जाना था। अधिकारियों ने बताया कि 22 मई को गौरेला नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मंच (प्रतिमा के लिए) बनाने वाली निर्माण कंपनी को नोटिस जारी कर जोगी की प्रतिमा को तत्काल हटाने को कहा था। गौरेला थाने के प्रभारी नवीन बोरकर ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि प्रतिमा को रात करीब 2.30 बजे मशीन का इस्तेमाल कर हटाया गया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रतिमा को हटाने के लिए इस्तेमाल की गई जेसीबी मशीन का भी पता लगा लिया है तथा उसे जब्त करने के लिए दल भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या नगर पालिका ने प्रतिमा हटाई है, तब गौरेला की अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) ऋचा चंद्राकर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाद में अधिकारियों द्वारा प्रतिमा को वापस उसी स्थान पर रखा गया, जहां उसे स्थापित किया जाना था।

# बायजू का लर्निंग ऐप भुगतान न होने से गूगल के प्लेस्टोर से हटाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के पढ़ाने-सिखाने वाले ऐप को बकाया भुगतान न करने की वजह से गूगल प्लेस्टोर से हटा दिया गया है।

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बायजू की आपूर्तिकर्ता अमेजन वेब सर्विसेज को बकाया राशि का भुगतान नहीं कर पाने की वजह से उसके लर्निंग ऐप को प्लेस्टोर से हटा दिया गया है। हालांकि, बायजू ब्रांड के तहत संचालन करने वाली कंपनी 'थिंक एंड लर्न' के कुछ अन्य ऐप अब भी गूगल प्लेस्टोर पर काम करना जारी रखे हुए हैं। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''ऐप को सहायता देने वाली अमेजन वेब सर्विसेज को भुगतान न करने के कारण बायजू लर्निंग ऐप को प्लेस्टोर से हटा दिया गया है। बायजू का कामकाज अब एक दिवाला समाधान पेशेवर की देखरेख में संचालित हो रहा है, जिसे भुगतान संबंधी सभी मुद्दों का भी प्रबंधन करना है।'' थिंक एंड लर्न के दिवाला समाधान पेशेवर शैलेंद्र अजमेरा को इस संबंध में भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। बायजू के लर्निंग ऐप में चौथी से 12वीं कक्षा के लिए गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान और छठी से आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक अध्ययन का विषय भी शामिल हैं। यह ऐप जेईई, एनईईटी और आईएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायता प्रदान करता है।

## परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने सरकारी नौकरी की परीक्षा में नकल करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए ग्रेटर कैलाश के एक परीक्षा केंद्र से एक फर्जी अभ्यर्थी, स्कूल के एक शिक्षक, एक कार्यालय अधीक्षक और एक महिला को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि आरोपियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) समिति के तहत 'जूनियर सेक्रेटेरिएट अटेंडेंट' पद के लिए परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी को असली आवेदक की जगह बैठाने में कथित तौर पर मदद की।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान फर्जी अभ्यर्थी सुमित दहिया (29), परीक्षा केंद्र के स्कूल में भौतिकी के शिक्षक बिमल कुमार सिंह (59), स्कूल के कार्यालय अधीक्षक बलजीत सिंह (50) और दिल्ली के कंझावला की 40 वर्षीय महिला को भी गिरफ्तार किया गया है।

## जाति जनगणना पर पहले के बयानों को लेकर

# कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और योगी पर निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने जाति जनगणना के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले के कुछ बयानों को लेकर सोमवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि अब प्रधानमंत्री उम्मीद के मुताबिक जाति जनगणना का श्रेय ले रहे हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंतत्री योगी आदित्यनाथ ने जाति जनगणना और आरक्षण के खिलाफ तल्ख बयान दिए थे। रमेश ने प्रधानमंत्री के अतीत के उन दो बयानों का संक्षिप्त वीडियो जारी किया जिसमें मोदी ने जाति जनगणना की पैरोकारी करने वालों को समाज को बांटने वाला और अर्बन नक्सल की सोच वाला बताया था। उन्होंने आदित्यनाथ का जो वीडियो साझा किया, उसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यह कहते सुने जा सकते हैं कि जाति जनगणना की बात करने वाले बांटने का प्रयास कर रहे हैं।

रमेश ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बीच की अवधि में 30 अप्रैल, 2025 को मोदी सरकार ने अप्रत्याशित रूप से और अचानक जाति जनगणना की घोषणा की। कल, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री ने उम्मीद के मुताबिक इसका पूरा श्रेय लिया।''

# अगर जलभराव हुआ तो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी: रेखा गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी में हुई बारिश के कारण विभिन्न हिस्सों से जलजमाव की शिकायत मिलने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर किसी भी इलाके में जलजमाव की सूचना मिली तो संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने हालांकि, जोर देकर कहा कि भारी बारिश के बावजूद इस बार जलभराव की स्थिति नियंत्रण में रही।

गुप्ता ने उत्तरी दिल्ली में अपने निर्वाचन क्षेत्र शालीमार बाग में सीवर, गैस और पानी की पाइपलाइन के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी में कोई भी झुग्गी बस्ती तब तक नहीं तोड़ी जाएगी जब तक कि वहां रहने वालों को पक्का घर न दे दिया जाए। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर झुग्गी-झोपड़ियों को ढहाने के बारे में व्हाट्सऐप के जरिये झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमने डीयूएसआईबी (दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड) के माध्यम से झुग्गी-झोपड़ियों में नालियों, गलियों, शौचालयों, स्नानघरों और पार्कों के लिए 700 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। मैं वादा करती हूं कि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को पक्के मकान दिए जाएंगे और तब तक आप सुरक्षित रहेंगे तथा सभी सुविधाओं का लाभ लेते रहेंगे।''

उन्होंने जलजमाव के मुद्दे पर कहा कि पिछले माह अधिकारियों को हर जलभराव बिंदु के लिए जिम्मेदार बनाया गया था और हाल ही में हुई बारिश में मिंटो ब्रिज अंडरपास के जलमग्न होने पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''मैं चाहती हूं कि जलभराव बिंदुओं की निगरानी के लिए तैनात अधिकारी अपना काम ठीक से करें, नहीं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।''

एक अन्य कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि भारी बारिश के बावजूद जलभराव की स्थिति नियंत्रण में रही। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में सालों से जलभराव की समस्या रही है। तीन बार रिकॉर्ड बारिश हुई है और वह भी आंधी-तूफान के साथ।

## 2025 के अंत तक

# भारत होगा दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्थाः विरमानी




**नई दिल्ली/भाषा।** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने सोमवार को कहा कि भारत वर्ष 2025 के अंत तक जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने अप्रैल में जारी अपनी विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा था कि भारत के 2025 में 4.19 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। विरमानी ने कहा, ''भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की प्रक्रिया में है। मुझे व्यक्तिगत रूप से विश्वास है कि 2025 के अंत तक ऐसा हो जाएगा, क्योंकि हमें यह कहने के लिए सभी 12 माह के जीडीपी आंकड़ों की जरूरत है। इसलिए तब तक यह एक पूर्वानुमान ही रहेगा।'' इससे पहले नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा था कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस बारे में टिप्पणी के लिए कहे जाने पर प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा, यह एक जटिल सवाल है और मुझे वास्तव में नहीं पता कि किसी ने क्या शब्द इस्तेमाल किए हैं।

# जेप्टो के सीईओ पलीचा ने प्रतिद्वंद्वी कंपनी के सीएफओ पर दुष्प्रचार का आरोप लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** जेप्टो के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आदित पलीचा ने एक प्रतिस्पर्धी कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) पर उनके त्वरित वाणिज्य मंच के खिलाफ दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है।

पेशेवर मंच 'लिंक्डइन' पर रविवार देर रात पलीचा ने बिना किसी का नाम लिए लिखा कि जेप्टो की एक प्रतिस्पर्धी कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ), जेप्टो के निवेशकों से निराधार दावे कर रहे हैं, पत्रकारों को गलत वित्तीय आंकड़े दे रहे हैं तथा सोशल मीडिया पर जेप्टो के बारे में नकारात्मक बातें फैलाने के लिए 'बॉट' का इस्तेमाल कर रहे हैं।

'बॉट' स्वचालित सॉफ्टवेयर प्रोग्राम होते हैं जिन्हें नेटवर्क पर विशिष्ट कार्य करने के लिए तैयार किया जाता है। इनका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है जिसमें सहायक एवं दुर्भावनापूर्ण दोनों गतिविधियां शामिल हैं। पलीचा ने लिखा, ''पिछले कुछ दिन से हमारे एक प्रतिस्पर्धी के सीएफओ, जेप्टो के विरुद्ध एक बदनामी भरा अभियान चलाने का प्रयास कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, '' स्पष्ट रूप से, यह प्रकरण एक उच्च गुणवत्ता वाली कंपनी के सीएफओ से अपेक्षित स्तर से नीचे है और यह स्पष्ट करता है कि वे इस बात से घबरा रहे हैं कि जेप्टो की कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) कितनी तेजी से सुधार हो रहा है।'' पलीचा ने जेप्टो की वित्तीय क्षमताएं बताने के लिए कुछ आंकड़े साझा किए और लिखा कि कंपनी का सकल ऑर्डर मूल्य (जीओवी) मई, 2024 के लगभग 750 करोड़ रुपए प्रति माह से बढ़कर मई, 2025 में 2,400 करोड़ रुपए प्रति माह हो गया है।




कंपनी की जीओवी की परिभाषा में बिक्री मूल्य पर फल व सब्जियों के अलावा विज्ञापन राजस्व भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जेप्टो ने जनवरी से मई, 2025 तक कर पूर्व आय में 20 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया जबकि इसी अवधि के दौरान नकदी की खपत में लगभग 65 प्रतिशत की कमी आई है। पलीचा ने कहा, ''मैं उम्मीद करता हूं कि यह सीएफओ इन गतिविधियों को बंद कर देगा। मुझे स्वस्थ/आक्रामक प्रतिस्पर्धी बातचीत से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन झूठ स्वीकार्य नहीं है। सच कहूं तो, आपके ये कदम निवेशकों को यह स्पष्ट कर रहे हैं कि हम एक मजबूत प्रतिस्पर्धी हैं।'' सूत्रों ने हाल ही में बताया था कि जेप्टो ने दिल्ली और उसके आसपास के कुछ इलाकों में 40 जेप्टो कैफे में परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया है क्योंकि यह बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखला को समायोजित कर रही है।

## यौन शोषण के उद्देश्य से लड़के के अपहरण की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के केशवपुरम इलाके में यौन उत्पीड़न के उद्देश्य से एक लड़के के अपहरण के प्रयास के आरोप में 22-वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को उस वक्त सामने आई जब आरोपी गोविंद उस नाबालिग लड़के को लेकर भागने की कोशिश कर रहा था, उसी समय लोगों ने शोर मचा दिया और वह रंगे हाथों पकड़ा गया।

# एसबीआई आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला ढांचा तैयार करने में जुटा: चेयरमैन

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि बैंक अनुशासित लागत प्रबंधन, कम लागत वाली जमाराशियों और शुल्क आधारित आय के विस्तार के आधार पर स्थायी रिटर्न के लिए एक ऐसा ढांचा विकसित कर रहा है जिसे आसानी से बढ़ाया जा सके।

शेट्टी ने बैंक के शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा, ''चालू खाते और बचत खाते (कासा) में मजबूत वृद्धि, डिजिटल क्रॉस-सेलिंग क्षमताओं और मार्जिन के लिहाज से संवेदनशील परिसंपत्ति आवंटन के साथ हम स्थायी रिटर्न के लिए एक आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला मॉडल तैयार कर रहे हैं।'' उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 की सालाना रिपोर्ट में कहा, ''एक साथ ये रणनीतिक कदम हमें न केवल भारत के सबसे बड़े बैंक के रूप में, बल्कि ग्राहकों और निवेशकों दोनों के लिए दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए विश्वास, पैमाने और नवाचार को संतुलित करते हुए सबसे आगे की ओर देखने वाले बैंक के रूप में स्थापित करते हैं।''



एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70,901 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है जो वित्त वर्ष 2023-24 के 61,077 करोड़ रुपए से 16 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बैंक सतत और जोखिम-समायोजित वृद्धि हासिल करने के लिए ऋण क्षमता मूल्यांकन, पोर्टफोलियो निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी का पता लगाने के लिए उन्नत विश्लेषण तरीकों का फायदा उठा रहा है।

# चेन्नई नगर निगम का म्यूनिसिपल बॉण्ड एनएसई में सूचीबद्ध




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन की तरफ से जारी म्यूनिसिपल बॉण्ड को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध करने के अवसर पर सोमवार को आयोजित समारोह की अध्यक्षता की। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन ने 7.97 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्ष की अवधि के म्यूनिसिपल बॉण्ड को जारी करके सफलतापूर्वक 200 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह नगर निकायों की तरफ से इस साल जारी बॉन्ड में सबसे कम ब्याज दर है।

स्टालिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, द्रविड़ मॉडल के तहत तमिलनाडु ने जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन को फिर से परिभाषित करना जारी रखा है। ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन बॉण्ड का एनएसई पर सूचीबद्ध होना जल-निकासी बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण, शहरी वित्त को मजबूत करने और पारदर्शी एवं अभिनव वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से राजकोषीय बोझ को कम करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। इस बॉण्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

इसका अभिदान 4.21 गुना बढ़कर 421 करोड़ रुपये हो गया जबकि निर्गम मूल्य 100 करोड़ रुपये का था।

इस मौके पर नगर प्रशासन मंत्री के.एन. नेहरू, हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती मंत्री पी.के. सेकरबाबू, ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन की महापौर श्रीमती आर. प्रिया, विधान सभा सदस्य एम.के. मोहन, उप महापौर एम. महेशकुमार, मुख्य सचिव एन. मुरुगनांथम, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. तीर्थंकर पटनायक, वित्त विभाग के प्रधान सचिव टी. उदयचंद्रन, आई.ए.सी., नगर प्रशासन एवं जलापूर्ति विभाग के प्रधान सचिव डॉ. टी. कार्तिकेयन, आई.ए.सी. महानगर चेन्नई निगम आयुक्त जे. कुमागुरुबरन, आई.ए.पी., निवेशक, स्टॉक एजेंट, स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि और उच्च सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।





# केरल के उत्तरी जिलों में भारी बारिश से तबाही, राहत शिविर खोले गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के उत्तरी जिलों में मूसलधार बारिश का कहर लगातार जारी है, जिससे कई क्षेत्रों में लोगों को राहत शिविरों और सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। खबरों के अनुसार, भारी वर्षा के कारण राज्य भर में बड़े पैमाने पर पेड़ उखड़ गए हैं, जिससे गांव, कस्बे और पहाड़ी क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, जबकि कई जिलों में नदियों और जलाशयों का जलस्तर बढ़ने से वहां के निवासियों लिए खतरा पैदा हो गया है।

जिला अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भारी बारिश जारी रहने के कारण वायनाड के सुल्तान बाथरी के पुजमकुनी गांव से कई आदिवासी परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि बाथरी में राहत शिविर खोले गए हैं और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम भी जिले में तैनात है। त्रिशूर जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण पेड़ों के व्यापक रूप से उखड़ जाने से खतरा बढ़ गया और विभिन्न स्थानों पर यातायात बाधित हो गया, जिससे दमकल कर्मचारियों और पुलिस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

सूत्रों ने बताया कि त्रिशूर-गुरुवायूर रेल मार्ग पर एक पेड़ उखड़कर गिर गया है और उसे हटाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण अट्टापडी और नेल्लियामपथी क्षेत्रों सहित पलक्कड़ जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सूत्रों ने बताया कि कोझिकोड जिले में रविवार से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण वहां से (कोझिकोड से) कई लोगों को पड़ोसी कोझिकोड जिले के राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

कोझिकोड जिला प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है, क्योंकि पूनूर पुझा का जलस्तर कोलिकल में खतरे के स्तर से ऊपर और कुन्नमंगलम में चेतावनी स्तर से ऊपर पहुंच गया है। केरल आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने कोरापुझा (कोझिकोड), मणिमाला नदी (पथनमथिट्टा), वामनपुरम (तिरुवनंतपुरम) और काबिनी नदी (वायनाड) के तट पर रहने वाले लोगों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने का आग्रह किया है, क्योंकि क्षेत्र में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है।

केएसडीएमए सूत्रों ने बताया कि रडार से ली गई ताजा तस्वीरों के अनुसार, इडुक्की, कोट्टायम, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझीकोड, वायनाड और कन्नूर जिलों में मध्यम से तीव्र वर्षा और 60 किमी/घंटा की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि अगले कुछ घंटों में कोल्लम, अलपुझा और कासरगोड जिलों में मध्यम बारिश और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है, साथ ही, भूस्खलन की घटनाएं भी हो सकती हैं।

इस बीच, सरकारी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं के बीच मंगलवार को कोच्चि में होने वाली बातचीत राज्य में बारिश की स्थिति के कारण स्थगित कर दी गई है।

# बीएलडब्ल्यू में इलेक्ट्रिक लोको के लिए 'सौंदर्य प्रतियोगिता' आयोजित की गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे के इलेक्ट्रिक लोको शेड, रॉयपुरम (ईएलएस/आरपीएम) ने भारतीय रेलवे के इलेक्ट्रिक इंजनों के लिए 'सौंदर्य प्रतियोगिता' के रूप में प्रसिद्ध सीएबी उन्नयन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता है। यह प्रतियोगिता रेलवे बोर्ड द्वारा 23 और 24 मई को बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्ल्यू) में 42वीं इलेक्ट्रिक लोको रखरखाव अध्ययन समूह (एमएसजी) की बैठक में आयोजित की गई थी। इस प्रतिष्ठित लोको प्रतियोगिता में 16 क्षेत्रीय रेलवे और 3 उत्पादन इकाइयों ने भाग लिया था।



**दक्षिण रेलवे के रॉयपुरम इलेक्ट्रिक लोको शेड ने प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता**



लोको सौंदर्य प्रतियोगिता के विजेता दक्षिण मध्य रेलवे में इलेक्ट्रिक लोको शेड, रॉयपुरम इलेक्ट्रिक लोको शेड, लालागुडा के साथ संयुक्त विजेता बनकर उभरा। यह पुरस्कार वी.पी. सिंह, अतिरिक्त सदस्य (ट्रैक्शन), रेलवे बोर्ड द्वारा वी. वेंकटसुब्रमण्यम, कार्यकारी निदेशक/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (रोलिंग स्टॉक), रेलवे बोर्ड और एन. बालाजी, मुख्य इलेक्ट्रिकल लोको इंजीनियर, दक्षिण रेलवे की उपस्थिति में प्रदान किया गया और इसे नागा श्रीनिवासु रोंगाला, आईआरएसईई, वरिष्ठ मंडल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, इलेक्ट्रिक लोको शेड, रॉयपुरम और आर. संतोष कुमार, वरिष्ठ मंडल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, इलेक्ट्रिक लोको शेड, लालागुडा द्वारा संयुक्त रूप से प्राप्त किया गया।

यह प्रीमियर इलेक्ट्रिक लोको शेड वर्ष 2012 में 3-चरण यात्री इंजनों को संभालने के लिए खोला गया था। वर्तमान में, शेड में 130 डब्ल्यूएपी-7 श्रेणी के इंजन हैं। यह शेड राजधानी, शताब्दी, हमसफ़र ट्रेनों और कई अन्य लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों जैसी प्रमुख ट्रेनों को सेवा प्रदान करता है। अपने उत्कृष्ट लोको रखरखाव कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है, रॉयपुरम शेड के डब्ल्यूएपी-7 श्रेणी के इंजनों का पूरे भारत में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। दक्षिण रेलवे इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए तथा भारतीय रेलवे में लोको कैब उन्नयन प्रयासों में एक मानक स्थापित करने के लिए इलेक्ट्रिक लोको शेड/रॉयपुरम टीम को बधाई दी।




# बैडमिंटन इंडिया द्वारा फ़ैनली ऐप का अनावरण किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** बैडमिंटन खेलों के प्रति रुचि रखने वाले लोगों के लिए बैडमिंटन इंडिया द्वारा फ़ैनली ऐप का अनावरण किया गया है। इस ऐप का मुख्य उद्देश्य शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों, उभरते सितारों तथा उत्साही प्रशंसकों को एक प्लेटफार्म पर एकजुट करना है जिससे इस खेल से जुड़े सकारात्मक संदेशों को एक दूसरे के साथ साझा किया जा सकें। ऐप का शुभारंभ भारतीय बैडमिंटन अकादमी के मुख्य राष्ट्रीय कोच पद्मभूषण फुलेला गोपीचंद ने किया।

ऐप अनावरण के इस कार्यक्रम में स्मार्ट ब्रिज की उपाध्यक्ष श्रीदेवी सिरा फ़ैनली के संस्थापक श्रीनिवासन बाबू तथा सह संस्थापक कनकराजू भी उपस्थित थे। ऐप के बारे में बताते हुए सहसंस्थापकों ने कहा कि ऐप को क्रांतिकारी तथा नए प्रशंसकों के जुड़ाव मंच के रूप में डिजाइन किया गया है जिससे प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों, खिलाड़ियों तक पहुंच बनाने में आसानी होगी। इस ऐप के माध्यम से दुनिया भर के बैडमिंटन प्रेमी खेल जगत की सकारात्मक जानकारियों से अवगत हो सकेंगे। फ़ैनली एप्प सुरक्षित तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली पर संचालित है।

## तमिलनाडु में राज्यसभा की छह सीटों पर चुनाव 19 जून को

**चेन्नई।** भारत के चुनाव आयोग ने 9 जून को तमिलनाडु से राज्यसभा की छह सीटों और असम की दो सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा की। द्रमुक के वाइको, पी विल्सन, एम मोहम्मद अब्दुल्ला और एम शानमुगम, अन्नाद्रमुक के एन चंद्रशेखरन और पीएमके के अंबुमणि रामदास का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। इसलिए, आयोग की अपर सचिव तनुज कुमारी ने तमिलनाडु से राज्य परिषद (आरएस) के द्विवार्षिक चुनावों की घोषणा की है।

चुनाव के बारे में अधिसूचना 2 जून को घोषित की जाएगी, जबकि नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 9 जून है। 10 जून को जांच की जाएगी और उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जून है। मतदान 19 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच होगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना शुरू होगी।

## तमिलनाडु पुलिस ने किया 'मैगिलची' का विस्तार

**चेन्नई।** पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तमिलनाडु पुलिस ने अपनी प्रमुख कल्याण योजना 'मगिलची' को अब राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में भी शुरू किया है। यह फैसला चेन्नई और दक्षिणी जिलों में इस पहल को मिले अच्छे रिस्पॉन्स के बाद लिया गया है। पहले इन क्षेत्रों में इस योजना को लागू किया गया था, जहां पुलिसकर्मियों ने इसे काफी सकारात्मक रूप से अपनाया। 'मैगिलची' कार्यक्रम का पूरा मतलब 'क्षमता, विकास, आदर्श उत्थान, विकल्प और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना' है। पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक समग्र और संपूर्ण तरीका अपनाता है। इस कार्यक्रम का संचालन मनोचिकित्सकों, मनोवैज्ञानिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक टीम मिलकर करती है। यह टीम पुलिसकर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अलग-अलग समस्याओं में मदद करती है।

पुलिस मुख्यालय के एक बयान के अनुसार, तमिलनाडु पुलिस देश की एकमात्र पुलिस है, जिसने इस तरह की कल्याण योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने इस पहल की तारीफ की है और इसका पूरा समर्थन किया है। तमिलनाडु सरकार ने अब तक तीन विशेष केंद्र बनाने के लिए 1.15 करोड़ रुपये दिए हैं। इस कार्यक्रम को पहली बार 20 नवंबर 2021 को चेन्नई के गुरु नानक कॉलेज में वर्तमान पुलिस महानिदेशक शंकर जीवाल ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया था। तब वे पुलिस आयुक्त थे।

इस पहल की सफलता से प्रेरित होकर इसे दक्षिणी क्षेत्र तक बढ़ाया गया और फरवरी 2023 में मदुरै में एक केंद्र खोला गया। अगस्त 2023 में तिरुवरुर में एक और केंद्र खोला जाएगा, जो नौ जिलों और तिरुचिरापल्ली क्षेत्र समेत मध्य क्षेत्र को कवर करेगा। यह योजना कई मानसिक और व्यवहारिक समस्याओं पर ध्यान देती है, जैसे अवसाद, आत्महत्या के विचार, शराब और ऑनलाइन जुआ की लत, गुस्सा और अन्य भावनात्मक परेशानियां। इस साल 1 मई तक कुल 2,844 पुलिसकर्मियों ने चेन्नई, मदुरै और तिरुवरुर में बने तीन केंद्रों से सेवाएं ली हैं। इनमें 1,884 पुरुष और 960 महिलाएं शामिल हैं।

उत्साहजनक परिणामों और प्रतिभागियों के बीच व्यक्तिगत कल्याण और काम की दक्षता में काफी सुधार के कारण इस कार्यक्रम को अब पश्चिमी क्षेत्र के पुलिसकर्मियों के लिए कोयंबटूर में शुरू किया गया है। इस क्षेत्र में कोयंबटूर, सलेम, तिरुपुर सहित आठ जिले और कमिश्नरेट शामिल हैं।

बयान में कहा गया है, कार्यक्रम की सफलता इसमें हिस्सा लेने वाले अधिकारियों में आए सकारात्मक बदलाव से साफ दिखती है। पश्चिमी क्षेत्र का केंद्र हमें इस जरूरी सहायता प्रणाली को और अधिक पुलिसकर्मियों तक पहुंचाने में मदद करेगा। मानसिक स्वास्थ्य को महत्व देते हुए तमिलनाडु पुलिस देश में पुलिस कल्याण का एक नया उदाहरण पेश कर रही है।

**उद्घाटन** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई में सोमवार को सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11 नए सरकार कला एव विज्ञान महाविद्यालयों का उद्घाटन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने किया। इन कॉलेजों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से सत्र शुरू हो जाएंगे। यह कॉलेज सुदालूर जिले के पुंकुट्टी, नीलगिरि जिले के कुन्नूर, डिंडीगुल जिले के नाथम, चेन्नई जिले के अलंदूर, विल्लुपुरम जिले के विक्रवंडी, चेंगलपेट्टू जिले के सयू, शिवगंगा जिले के मनामदुरै, तिरुवरुर जिले के मुथुपेट्टई, तंजावुर जिले के तिरुविदैमरुदुर, पेरम्बुलूर जिले के कोलाकानाथम और थूथुकुडी जिले के ओट्टाडा में उद्घाटित किए गए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. कोवी चेझियान, उद्योग, निवेश संवर्धन और व्यापार मंत्री डॉ. टी.आर.पी. राजा सहित अनेक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।

# डूबे हुए लाइबेरियाई जहाज के कंटेनर बहकर केरल तट पर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोल्लम/अलाप्पुझा/भाषा।** केरल अपतटीय क्षेत्र में लाइबेरियाई मालवाहक जहाज के डूबने के बाद उसमें रखे कंटेनर अब बहकर यहां तट पर आने लगे हैं और प्राधिकारियों ने लोगों से उन कंटेनर से दूर रहने की अपील की है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी कोल्लम और तटीय अलाप्पुझा जिलों के तटों पर कुछ कंटेनर पाए गए हैं। पुलिस ने कहा कि तट पर बहकर आए कंटेनर की कुल संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है और प्राधिकारी स्थिति को संभालने के लिए काम कर रहे हैं। प्रभावित सभी क्षेत्रों में पुलिस तैनात कर दी गई है।



खबरों के अनुसार, कोल्लम और अलाप्पुझा जिलों के तटों पर अब तक कम से कम 10 कंटेनर देखे गए हैं। अधिकारियों ने लोगों से कंटेनर से दूर रहने का आग्रह किया है और कहा है कि जहाज में कुल 640 कंटेनर थे, जिनमें से 13 कंटेनर में खतरनाक सामग्री है। तट के पास समुद्र में रविवार सुबह मालवाहक जहाज पलटने के बाद डूब गया, जिससे भारी मात्रा में तेल रिसाव हुआ है।

करीब तीन किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेल के बहने के कारण पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है क्योंकि यह पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील केरल के तटीय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के अनुसार, डूबे हुए जहाज के टैंकों में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस ऑयल' था। अधिकारियों ने बताया कि कुछ कंटेनर में कैल्शियम कार्बाइड जैसे खतरनाक पदार्थ रखे हुए थे, जो समुद्री जल के साथ प्रतिक्रिया करके अत्यधिक ज्वलनशील एसिटिलीन गैस उत्सर्जित करता है।

आईसीजी प्रदूषण रोकने से जुड़े कार्य का समन्वय कर रहा है और तेल रिसाव के फैलाव पर निगरानी रख रहा है। इस बीच, तिरुवनंतपुरम जोन के मुख्य सीमा शुल्क आयुक्त कार्यालय ने कहा है कि जहाज पर मौजूद कुल 643 कंटेनर में से 73 कंटेनर खाली थे और 13 में खतरनाक सामग्री लदी हुई थी। इन सामग्री में कैल्शियम कार्बाइड भी शामिल था। बयान में कहा गया, ''घटना के समय जहाज पर मौजूद सभी सामग्री पर शुल्क नहीं चुकाया गया था और ऐसे सामान को अनधिकृत रूप से हटाना या उठाना अवैध है।'' बयान में कहा गया है कि केरल तट पर सीमा शुल्क समुद्री और निवारक इकाइयों को तैनात किया गया है जबकि अन्य एजेंसियों से समन्वय कर निगरानी की जा रही है।

इसमें कहा गया है, आम जनता को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे किसी भी तैरते हुए या समुद्र तट पर पड़े कंटेनर या मलबे के पास न जाएं, इन कंटेनर में खतरनाक पदार्थ हो सकते हैं।

## महिला की हत्या, बेटी को घायल किया, आरोपी लापता बच्चे के साथ पकड़ा गया

**वायनाड/भाषा।** केरल के वायनाड जिले में एक महिला की हत्या कर दी गई और हमले में उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना के बाद से लापता हुई मृतक की छोटी बेटी संदिग्ध के पास से सुरक्षित मिल गई है और संदिग्ध अब पुलिस हिरासत में है। तिरुनेल्ली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अप्पापारा गांव में महिला के किराए के घर में रविवार देर शाम यह घटना हुई।

पुलिस ने बताया कि अपने पति से अलग होने के बाद प्रवीणा (34) यहां अपनी दो बेटियों के साथ रह रही थी। पुलिस के अनुसार, यह हमला कथित तौर पर प्रवीणा के पुरुष मित्र दिलीश द्वारा किया गया था। प्रवीणा की 14 वर्षीय बेटी की गर्दन और कान पर गहरे घाव हैं और सरकारी अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। संदिग्ध व्यक्ति प्रवीणा की नौ वर्षीय बेटी को लेकर घटनास्थल से फरार हो गया, जिसके बाद व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। दुर्गम इलाकों में खराब मौसम के बावजूद पुलिस ने ड्रोन का इस्तेमाल किया और आस-पास के वन क्षेत्रों की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध और प्रवीण की लापता हुई बेटी सोमवार को घर के नजदीक जंगल में पाए गए और लड़की सुरक्षित थी। तलाशी के दौरान एक मोबाइल फोन और एक चादर भी बरामद की गई, जो संभवत: संदिग्ध की थी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**ज्ञापन** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर में सोमवार को कोयम्बटूर जिला कलेक्टर पवन कुमार से अन्नाद्रुमक के नेता एवं पूर्व मंत्री वेलुमणि ने मुलाकात की और कोयम्बटूर निगम में पानी और सीवरेज कनेक्शन के लिए जमा राशि और शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को रद्द करने और जनता के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार के संबंध में विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन दिया।




# विश्वविद्यालय गुणात्मक शिक्षा के प्रसार के बने संवाहक : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने निजी क्षेत्र की शिक्षा प्रसार में महती भूमिका बताते हुए कहा है कि शिक्षा जीवन को गढ़ती है और वे राष्ट्रोथान में सहभागी बनते गुणात्मक शिक्षा के प्रसार के संवाहक बने। बागड़े सोमवार को अपेक्स यूनिवर्सिटी के तृतीय दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत पश्चिम के ज्ञान से आरंभ से ही बहुत आगे रहा है। पर अंग्रेजी शिक्षा पद्धति ने हमे हमारे ज्ञान से निरंतर दूर किया है। उन्होंने भास्कराचार्य की चर्चा करते हुए कहा कि गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत के बारे में न्यूटन से पहले उन्होंने बता दिया था। उन्होंने कहा कि भारत ने ही दशमलव का ज्ञान पूरे विश्व को दिया। इसी से संसार को गिनती आई।

राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारतीयता से ओतप्रोत संस्कारमय समाज का निर्माण करने वाली है। उन्होंने विश्वविद्यालय में शिक्षकों को आदर्श आचरण के साथ नवीनतम ज्ञान से अपडेट रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय में प्राप्त ज्ञान और शिक्षा का उपयोग 'विकसित भारत' के लिए करें। उन्होंने शिक्षा को पवित्र कार्य बताते हुए कहा कि इसमें व्यावसायिकता की बजाय समाजोत्थान को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किए जाए। उन्होंने गरीब, पिछड़े और प्रतिभावान हर वर्ग के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान करने में निजी क्षेत्र को महती भूमिका निभाने पर जोर दिया। उन्होंने संजय शिक्षा समिति द्वारा संचालित संस्थाओं में वंचित बालको को शिक्षा प्रसार के किए कार्यों की सराहना की।

बागड़े ने कहा कि शिक्षा का ध्येय बच्चों की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाना है। कॉपी करके पास हो जाना या रटना शिक्षा नहीं है। शिक्षा का अर्थ है, पढ़े हुए को समझकर अपनी बात रखना। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में सीखने में विद्यार्थी की स्वतंत्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। राज्यपाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमारे देश ने विश्वभर को यह बता दिया है कि दृढ़ इच्छा शक्ति से भारत ने पूर्ण युद्ध छेड़े बिना ही आतंकवाद पर सीधे प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि इससे पूरी दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। हम सभी को मां भारती और हमारी सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय भारतीय सेना की शौर्य गाथाओं और राष्ट्र के महापुरूषों के आलोक में इस तरह के पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति के तहत बनाए जिनसे युवा पीढ़ी राष्ट्र गौरव से प्रत्यक्ष जुड़ सके। इससे पहले राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को डिग्री और पदक प्रदान किए।

# अस्पताल जाने के लिए जेल से निकले कैदी मौज मस्ती करते धरे गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर सेंट्रल जेल के चार कैदी इलाज के लिए रैफर पर्ची बनवाकर निकले थे। उन्हें नियमित जांच के लिए जाना तो अस्पताल था लेकिन वे पहुंच गए होटल में और बाद में कुछ अपनी प्रेमिका या पत्नी के साथ घूमते और कुछ पोहे का नाश्ता करते मिले। इस प्रकरण ने जेल व पुलिस प्रशासन की 'किरकिरी' करा दी। हालांकि पुलिस ने सोमवार को कहा कि इस मामले में पांच कांस्टेबल, चार कैदियों और उनके चार रिश्तेदारों सहित कुल 13 लोगों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

बताया जा रहा है कि कैदियों ने जेल के बाहर कुछ घंटे 'सैर सपाटा व मौज मस्ती' करने के लिए कथित तौर पर रिश्वत दी थी। पुलिस के अनुसार शनिवार को पांच कैदियों ने कथित तौर पर एसएमएस अस्पताल में मेडिकल चेकअप के लिए मंजूरी ली थी। लेकिन इनमें से चार रफीक बकरी, भंवर लाल, अंकित बंसल और करण गुप्ता ने डॉक्टर के पास जाने के बजाय शहर में आराम से पूरा दिन बिताने के लिए रिश्वत दी थी। केवल एक कैदी अस्पताल पहुंचा।

इन चारों में से कोई भी शनिवार को शाम 5.30 बजे तक जेल नहीं लौटा। जांच में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, यह सैर-सपाटा एक बिचौलिए के जरिए करीब 25,000 रुपये में तय किया गया था। साथ गए कांस्टेबलों को 5,000-5,000 रुपये देने का वादा किया गया था। पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम ने बताया कि रफीक और भंवर क्रमश: अपनी पत्नी और पूर्व प्रेमिका से जालूपुरा के एक होटल में मिले। बाद में रफीक की पत्नी के कब्जे से ड्रग्स बरामद की गई और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं अंकित और करण को एयरपोर्ट के पास एक होटल में पकड़ा गया जहां वे पोहे का नाश्ता कर रहे थे। इस होटल में कमरा अंकित की प्रेमिका ने बुक किया था। बाद में पुलिस ने करण के रिश्तेदार को एक होटल से 45,000 रुपये नकद और कई कैदी आईडी कार्ड के साथ हिरासत में लिया।

जेल सूत्रों ने बताया कि इस सैर-सपाटे की साजिश जेल के अंदर से ही सक्रिय एक सजायाफ्ता कैदी ने रची थी। जांचकर्ताओं का कहना है कि अप्रैल से अब तक 200 से ज्यादा फोन कॉल को 'इंटरसेप्ट' किया गया है, जिससे रिश्वत, मोबाइल का अनधिकृत इस्तेमाल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत वीआईपी को कथित धमकियां दिए जाने के गहरे नेटवर्क का पता चलता है। पुलिस ने बताया कि सवाई मान सिंह पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और जयपुर सेंट्रल जेल में जांच और तलाशी शुरू कर दी गई है।

## पूजा



जयपुर में सोमवार को 'वट सावित्री पूजा' के अवसर पर महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा करती एवं अनुष्ठान करती हुईं।



# भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली के पृथ्वीराज रोड़ स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। शर्मा ने अधिकारियों को कार्यों में और अधिक गति लाते हुए तय समय-सीमा में इन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए पुनर्निर्माण कार्य को पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। लोअर बेसमेंट में अंडर ग्राउंड वाटर टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सिविल कार्य पूर्ण होने के साथ ही हाउस के ऊपरी भाग के स्ट्रक्चर निर्माण का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली स्थित राजस्थान हाउस का पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है। इस कार्य में राजस्थान की कलात्मक स्थापत्य शैली का खूबसूरत तरीके से समन्वय किया जाएगा। भवन की बाहरी दीवार पर धौलपुर सैण्ड स्टोन का कार्य किया जाएगा। नवीन राजस्थान हाउस में दो बेसमेंट, भूतल और 6 फ्लोर का प्रावधान रखा गया है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग तथा मुख्य भवन में लॉबी, कैफेटेरिया, वेटिंग एरिया, डाईनिंग एरिया, फव्वारा, हैंगिंग झूमर, एट्रियम आदि बनाए जाएंगे। वहीं प्रथम तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय व जिम तथा छत पर टैरेस गार्डन, पार्टी हॉल, योग कक्ष आदि की सुविधाएं मिलेंगी। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनपथ लेन स्थित देवस्थान विभाग द्वारा संचालित बटुक भैरव मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# नौतपा की तपिश से झुलसा जैसलमेर: भीषण गर्मी, उमस और बिजली कटौती से आमजन परेशान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। नौतपा की शुरुआत इस बार शहरवासियों के लिए भीषण गर्मी और असहनीय उमस के साथ हुई। दूसरे दिन भी सूरज ने अपनी प्रचंडता दिखा दी। सुबह 8 बजे से ही सूरज की तपिश महसूस होने लगी थी और जैसे-जैसे दिन चढ़ा, वैसे-वैसे गर्मी का कहर भी बढ़ता गया। 11 बजे के बाद तो मानो आसमान से अंगारे बरसने लगे। गर्म हवाएं लू के रूप में लोगों को झुलसाने लगीं और वातावरण में इतनी उमस घुल गई कि घरों में भी रहना मुश्किल हो गया।

गर्मी और उमस से जूझते लोगों के लिए बिजली ही एकमात्र सहारा थी, लेकिन शहर में पिछले दो दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ाई हुई है। रात के समय शहर के अनेक इलाकों में 2 से 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों की नींद उड़ गई। वहीं दोपहर के समय जब तापमान चरम पर होता है, तब भी 2 से 3 घंटे तक बिजली गुल हो रही है। ऐसे में पंखे और कूलर भी ठप हो जाते हैं, और लोग गर्मी से बेहाल होकर रात-रात भर जागने को मजबूर हो गए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि डिस्कॉम (बिजली वितरण निगम) की लचर व्यवस्थाओं के कारण बार-बार बिजली कटौती हो रही है। तकनीकी खामियों और क्षमता की कमी के कारण एक बार लाइट चली जाने पर घंटों लौटती नहीं है। रात-दिन में औसतन ढाई से तीन घंटे की बिजली कटौती ने हजारों लोगों का सुख-चैन छीन लिया है।

शहर में बढ़ती गर्मी और लू के चलते आमजन की दिनचर्या पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई है। दोपहर के समय तो मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहे, लेकिन गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से निकलना नहीं चाहते। आमतौर पर भीड़भाड़ वाले स्थान जैसे बाजार, बस स्टैंड, स्टेशन और पर्यटक स्थल भी सुनसान नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 31 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह 8 बजे से ही तेज धूप का असर शुरू हो गया था, जो देर रात तक बना रहा। वातावरण में इतनी गर्मी घुली रही कि रात 10 बजे तक भी राहत महसूस नहीं हुई। सिर्फ देर रात के बाद ही थोड़ा सुकून मिल पाया, लेकिन बिजली कटौती ने उस राहत को भी छीना नहीं छोड़ा।

इस असहनीय गर्मी से बचने के लिए लोगों ने ठंडे पेय पदार्थ, छाछ, नींबू पानी, आइसक्रीम और अन्य तरल चीजों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

# जम्मू-कश्मीर की नीट आकांक्षी ने कोटा में फांसी लगाकर खुदकुशी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। जम्मू-कश्मीर की 18 वर्षीय एक नीट आकांक्षी ने कोटा के प्रताप चौराहा स्थित अपने 'पेइंग गेस्ट' कक्ष में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस साल खुदकुशी की यह 15वीं और इस माह की दूसरी घटना है। महावीर नगर थाने में तैनात क्षेत्र निरीक्षक रमेश कविया ने बताया कि रविवार शाम आत्महत्या करने से पहले जीशान ने अपने एक रिश्तेदार से फोन पर बात की और उसे बताया कि वह खुदकुशी का कदम उठा सकती है। उन्होंने कहा कि रिश्तेदार बुरहान ने तुरंत उसी इमारत में रहने वाली दूसरी छात्रा ममता को फोन किया और जीशान के बारे में पूछा। अधिकारी ने बताया कि ममता जब जीशान के कमरे पर पहुंची तो कमरा अंदर से बंद मिला और उसने मदद के लिए शोर मचाया।

उन्होंने कहा कि इस पर भीड़ जमा हो गई और पास में काम कर रहे बढ़ई से 'ग्राइंडर' लेकर दरवाजा काटा गया। अधिकारी ने बताया कमरे में जीशान पंखे से लटकी मिली।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, जीशान ने पहले मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए शहर में एक कोचिंग संस्थान में दाखिला लिया था। इसने बताया कि वह एक माह पहले ही कोटा लौटी थी और इस बार किसी भी संस्थान में दाखिला लिए बिना वह खुद ही पढ़ाई कर रही थी। पुलिस ने कहा कि कमरे में 'एंटी-हैंगिंग डिवाइस' नहीं था।

'एंटी-हैंगिंग डिवाइस' एक रॉड होती है जो छत में लगे हुक से लेकर पंखे की ऊपरी परत तक लगती है। इस रॉड के बीच में एक जोड़ होता है जिसके अंदर स्प्रिंग होती है। जैसे ही 20 किलोग्राम से ज्यादा वजन पंखे पर आता है तो पंखा नीचे लटक जाता है। कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में मध्यप्रदेश के एक नीट आकांक्षी ने तीन मई को परीक्षा से एक दिन अपने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी।



# चिकित्सा मंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक लेकर दिए निर्देश- ब्लड ट्रांसफ्यूजन सिस्टम होगा और सुदृढ़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश के सभी अस्पतालों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन सिस्टम को और सुदृढ़ किया जाएगा। इसके लिए एसओपी में जरूरी बदलाव करने के साथ ही राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन के तहत तकनीकी नवाचार भी किए जाएंगे, ताकि ब्लड ट्रांसफ्यूजन में चूक की कोई गुंजाइश नहीं रहे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। खींवसर ने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने वाले हर मरीज का जीवन अमूल्य है। उपचार की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने हाल ही सवाई मानसिंह अस्पताल में एक महिला रोगी को गलत ब्लड चढ़ने की घटना को गंभीरता से लेते हुए सख्त हिदायत दी कि भविष्य में ऐसी कोई



घटना नहीं हो। उन्होंने इसके लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन सिस्टम को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन के तहत चिकित्सा तंत्र को तकनीकी तौर पर मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत अब आभा आईडी के तहत रोगी के विवरण में ब्लड ग्रुप अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में ब्लड की उपलब्धता के साथ ही ब्लड ट्रांसफ्यूजन में भी सुगमता और सटीकता हो।

चिकित्सा मंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि राजकीय चिकित्सा संस्थानों के आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर वार्डों में उपचार के लिए निर्धारित एसओपी की गंभीरता एवं सख्ती के साथ पालना सुनिश्चित की जाए। इन वार्ड में वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ ही सीनियर रेजीडेंट हर समय मौजूद रहें। प्रशिक्षित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ ही यहां नियोजित किया जाए, ताकि रोगियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलें। चिकित्सा संस्थान प्रभारी समयकृसमय पर इन वार्ड की स्थिति एवं ब्लड बैंक की कार्यशैली की जांच करें और कोई भी खामी पाए जाने पर तत्काल सुधार करें। किसी भी कार्मिक की लापरवाही सामने आए तो सख्त एक्शन लें।

बैठक में चिकित्सा विशेषज्ञों ने ब्लड ट्रांसफ्यूजन सिस्टम को सुदृढ़ करने के सम्बन्ध में कई सुझाव भी दिए। इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़, चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान एवं सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों के अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए 28 को राज्यभर में होगी ज्ञानवर्धक कार्यशालाएं

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अपनी तरह के अनूठे नवाचार के साथ प्रदेश के बुजुर्गों (वरिष्ठ नागरिकों) के कल्याण और सशक्तिकरण के साथ सामाजिक तानेकृबाने को मजबूती देने का प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा 28 मई को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान के सभागार में राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह की कार्यशाला प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित की जाएगी, ताकि बुजुर्ग स्वयं को हर स्तर पर मजबूत और सशक्त महसूस करें।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने प्रदेश भर के वरिष्ठ नागरिकों को जिलों में होने वाली कार्यशालाओं में जुड़ने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विभाग की मंशा बुजुर्गों (वरिष्ठ नागरिकों) को मानसिक, शारीरिक, कानूनन हर तरीके से स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की है। उन्हें किसी भी तरह से दूसरों पर आश्रित नहीं रखने की है।




# जयहिंद सभा में गरजे कांग्रेस नेता : गहलोत ने भाजपा पर तिरंगे और सीजफायर को लेकर बोला हमला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर में कांग्रेस की 'जयहिंद सभा' सेना के सम्मान के नाम पर आयोजित हुई, लेकिन मंच पर कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार और आरएसएस को निशाने पर लिया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सांसद रणदीप सुरजेवाला और सचिन पायलट ने तिरंगे के सम्मान से लेकर भारत-पाक युद्ध विराम तक कई गंभीर सवाल उठाए। गहलोत का आरोप- इनका बस चले तो तिरंगा खत्म कर दें। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने तीखे शब्दों में आरएसएस और बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहातिरंगा आपने कब अपनाया? आप तो तिरंगे के खिलाफ थे। नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय में 80 साल तक तिरंगा नहीं फहराया गया। इन्हें तिरंगे की शान और उसका गौरव समझ नहीं आता। गहलोत ने आरोप लगाया कि जयपुर की रैली में बीजेपी के नेताओं ने तिरंगे का अपमान कियाकोई उससे मुंह पोंछ रहा था, कोई उसे पैरों तले रौंद रहा था। इनका बस चले तो आरएसएस का भगवा झंडा राष्ट्रीय ध्वज बना दें।

गहलोत ने भारत-पाक सीजफायर पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहाजब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट किया, तभी युद्धविराम हो गया। आखिर अमेरिका कौन होता है पंचायती करने वाला? सीजफायर को लेकर खतरनाक खेल हुआ है। ट्रंप पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया और कहाजब हमारी सेना दुश्मन पर भारी पड़ रही थी, तो अचानक युद्ध विराम की क्या जरूरत थी? अमेरिका ने आठ बार कहा कि हमने युद्ध रोकवायाक्या अब हमारे फैसले वाशिंगटन से होंगे? उन्होंने कहा, अमेरिका ने कहा कि अगर भारत युद्ध करेगा तो धंधा बंद कर देंगे। मोदी जी बताएं कि व्यापार जरूरी है या देश की अस्मिता? अगर रगों में सिंदूर दौड़ता है तो व्यापार की शर्त पर समझौता नहीं हो सकता। पीएम की चुप्पी यह बताती है कि दाल में काला है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि सेना पर पूरे देश को गर्व है। जब-जब देश को ललकारा गया है, हमारी फौज ने दुश्मनों के दांत खट्टे किए हैं। ये सभा सैनिकों को सलाम करने के लिए है, न कि झूठे राष्ट्रवाद की राजनीति के लिए। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार से सवाल करते हुए कहाहमने नहीं पूछा कि आतंकी कैसे घुसे, लेकिन जब अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति युद्धविराम की घोषणा कर दें, तो यह जानना जरूरी है कि इसकी शर्तें क्या थीं? सभा में बाड़मेर की वीरांगनाओं और युद्ध में दिव्यांग हुए सैनिकों का शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

# आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस अब लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात कर रही : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने मोदी सरकार पर ''अघोषित आपातकाल'' का आरोप लगाने को लेकर कांग्रेस की सोमवार को आलोचना की और कहा कि यह ''बड़ी विडंबना'' है कि ''व्यक्तिगत और राजनीतिक लाभ'' के लिए 1975 में आपातकाल लगाने वाली पार्टी अब लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात कर रही है।

भाजपा का यह बयान, केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर कांग्रेस के कटाक्ष करने के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि ''अघोषित आपातकाल'' के 11 साल हो गए हैं और अच्छे दिन की बात अब एक डरावना सपना साबित हुई है। इस पर पलटवार करते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''यह बड़ी विडंबना है कि एक परिवार के प्रभुत्व वाली पार्टी अब लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात कर रही है।'' उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिसने सत्ता में रहते हुए देश भर में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को गिराने के लिए अनुच्छेद 356 का ''सौ से अधिक बार'' दुरुपयोग किया और 1975 में ''व्यक्तिगत और राजनीतिक लाभ के लिए आपातकाल'' लगाया, जिससे



मौलिक अधिकार निलंबित हो गए और नागरिकों की आजादी छिन गई थी।

जोशी ने आरोप लगाया, ''कर्नाटक में उसकी अपनी (कांग्रेस) सरकार ने एक ऐसा आदेश जारी किया है, जो आपातकाल के समय के हथकंडों की याद दिलाता है। और अब, वे (कांग्रेस) पार्टी के प्रति आलोचनात्मक विचार व्यक्त करने वाले पत्रकारों और समाचार प्रस्तोता को निशाना बना रहे हैं और उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास कर रहे हैं।'' उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इन मुद्दों पर कुछ बोलेंगे।

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपने कामकाज के बारे में कथित रूप से दुष्प्रचार करने के लिए प्रदेश भाजपा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करने का फैसला किया है। रविवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में, कर्नाटक सरकार ने भाजपा पर ''राज्य सरकार की दो साल की विफलता के बारे में आरोप पत्र'' शीर्षक के तहत मीडिया में अपने (भाजपा के) अभियान के माध्यम से गलत सूचना और झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

भाजपा ने कांग्रेस पर कर्नाटक में लोगों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि राज्य सरकार ''किसी तानाशाह से भी बदतर'' हो गई है। जोशी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि कांग्रेस सरकार समाचार चैनल के एंकर को ''डराने'' की कोशिश कर रही है। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी से पूछा कि कर्नाटक की अर्थव्यवस्था और राजनीति में अपनी ''विफलताओं, भ्रष्टाचार और नुकसान'' के बारे में बात करने से उसे डर क्यों लगता है।



## सुहागिन महिलाओं ने अपने-अपने पति की खुशहाली के लिए सावित्री पूजा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने-अपने पति की दीर्घायु और खुशहाली के लिए सावित्री पूजा की। महिलाओं का 'सिंदूर' उनके सुहागिन होने का प्रतीक है।

विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की भीड़ यहां मंदिरों खासकर लक्ष्मी-नारायण मंदिरों में उमड़ी। सावित्री व्रत अनुष्ठान करने के लिए महिलाएं बरगद के पेड़ों के पास एकत्रित हुईं। यह पूजा हर साल ज्येष्ठ (मई-जून) महीने की अमावस्या को की जाती है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''उड़िया संस्कृति और परंपरा के पवित्र त्योहार वट सावित्री के अवसर पर मैं सभी साध्वा (सुहागिन) माताओं और बहनों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। मैं हर साध्वा महिला के लिए लंबे और सुखी विवाहित जीवन की प्रार्थना करता हूं।''

राज्य सरकार ने त्योहार के लिए इस दिन छुट्टी घोषित की है। यह त्योहार हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, अटूट भक्ति और शक्ति की प्रतीक सावित्री को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि अपने पति सत्यवान को फिर से जीवित करने के लिए उन्होंने यमराज से संघर्ष किया था। श्री जगन्नाथ संस्कृति के शोधकर्ता भास्कर मिश्रा ने बताया कि सावित्री की बहादुरी और आध्यात्मिक संकल्प की कहानी महाभारत में मिलती है। मिश्रा ने कहा कि इस अवसर पर पुरी के जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजा की जाती है।

## बरेली में रोहिंग्या और बांग्लादेशी संदिग्धों की पहचान के लिए अभियान शुरू

**बरेली (उप्र)/भाषा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली में संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए सोमवार को 15 दिवसीय विशेष अभियान शुरू हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने अपने कार्यालय में एक वर्चुअल बैठक के दौरान इस पहल की शुरुआत की। बैठक में जिले के सभी अपर पुलिस अधीक्षकों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों, स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों, थानाध्यक्षों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। आर्य ने बताया कि अभियान के लिए जिला पुलिस ने थानावार टीम बनाई हैं। जिले भर के सभी थानाध्यक्षों को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के निर्देश दिये गये हैं।

## अमेठी से मेरा पारिवारिक रिश्ता, यह कभी नहीं टूटेगा: स्मृति ईरानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमेठी (उप्र)/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सोमवार को अपने पूर्व संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अमेठी पहुंचीं और कहा कि अमेठी से उनका घर-परिवार का रिश्ता है और ऐसे रिश्ते कभी नहीं टूटते। अमेठी से पूर्व सांसद स्मृति ईरानी आज गौरीगंज के रणंजय माध्यमिक विद्यालय के मैदान में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में हिस्सा लेने आई थीं।

पिछले लोकसभा चुनाव में पराजय के 11 महीने बाद पहली बार अमेठी आयीं ईरानी ने भावुक लहजे में कहा, ''अमेठी से मेरा पुराना रिश्ता है। घर-परिवार का रिश्ता है। खून का रिश्ता है। ऐसे रिश्ते कमजोर नहीं होते और ना ही टूटते हैं। अमेठी ने मुझे दीदी माना है और दीदी का रिश्ता घर से तभी टूटता है जब उसकी अर्थी उठती है। आप सबने जो रिश्ता स्थापित किया है यह टूटने नहीं पाएगा।'' उन्होंने यह भी कहा कि अब अमेठी आने में वह 11 महीने की देर नहीं करेंगी। ईरानी ने इस अवसर पर कहा कि गांव और समाज का विकास किये बिना एक सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो उसने भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिये बगैर उस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, ''वर्ष 2014 से पहले जो बजट पंचायत के विकास के लिए 70 हजार करोड़ रुपए था, उसे बढ़ाकर ढाई लाख करोड़ रुपए किया गया। इसका परिणाम है कि आज भारत मजबूत ही नहीं हुआ है बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था भी दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।'' ईरानी ने अपने संबोधन में बिना नाम लिए कांग्रेस को लगातार निशाने पर रखा।

## पेंशन, सेवानिवृत्ति लाभ में देरी नहीं की जा सकती : कलकत्ता उच्च न्यायालय

**कोलकाता/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी कर्मचारी को लंबी और निरंतर सेवा के बाद मिलने वाली पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों में एक दिन की भी देरी नहीं की जा सकती। न्यायमूर्ति गौरांग कंठ ने 23 मई के अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में देरी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कठिनाई होती है, जो जीविका के लिए इस बकाया राशि पर निर्भर होते हैं। यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल के एक नगर निकाय की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा दायर याचिका के जवाब में आई। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह 30 नवंबर, 2023 को सेवानिवृत्त हुईं और उनका अंतिम मासिक वेतन लगभग 40,000 रुपए था। हालांकि, उनके पदनाम में विसंगतियों के कारण, उनके पक्ष में अभी तक कोई पेंशन स्वीकृत नहीं की गई है। न्यायमूर्ति कंठ ने कहा कि न्यायालय वर्तमान स्थिति पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करने के लिए विवश है, जहां प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अद्यतन डिजिटल अवसंरचना के परिणामस्वरूप संक्रमणकालीन अकुशलताएं उत्पन्न हो गई हैं, जिससे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए पेंशन लाभों को अंतिम रूप देने में अस्थायी रूप से बाधा उत्पन्न हो रही है। आदेश में उन्होंने कहा कि न्यायालय सभी संबंधित पक्षों को यह याद दिलाना उचित समझता है कि पेंशन कोई दान का कार्य नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों द्वारा उनकी लंबी और समर्पित सेवा के परिणामस्वरूप अर्जित कानूनी रूप से लागू अधिकार है। आदेश में आगे कहा गया है कि पेंशन के वितरण में किसी भी प्रकार की अनुचित देरी अस्वीकार्य है और यह समानता और न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

### यौन उत्पीड़न मामले में

## दिल्ली की अदालत ने बृजभूषण के खिलाफ पुलिस की 'क्लोजर रिपोर्ट' स्वीकार की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली पुलिस की 'क्लोजर रिपोर्ट' स्वीकार कर ली जिसमें भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक पहलवान (जब वह अवयस्क थी) द्वारा दायर मामले को रद्द करने की मांग की गई थी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गोमती मनोचा ने कहा, ''मामले को रद्द करना स्वीकार किया गया।'' चैंबर के भीतर एक अगस्त 2023 को कार्यवाही के दौरान, 'नाबालिग' ने न्यायाधीश से कहा था कि वह मामले में दिल्ली पुलिस की जांच से संतुष्ट है और 'क्लोजर रिपोर्ट 'का विरोध नहीं करती है। दिल्ली पुलिस ने 15 जून 2023 को लड़की से जुड़े मामले को रद्द करने की मांग करते हुए रिपोर्ट दायर की थी , जब उसके पिता ने जांच के बीच में चौंकाने वाला दावा किया कि उसने लड़की के साथ कथित अन्याय का बदला लेने के लिए बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न की झूठी शिकायत की थी। पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामले को हटाने की सिफारिश की थी लेकिन छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज एक अलग मामले में उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था।

## नीतीश ने नौकरशाह के सिर पर गमला रखा



**'राजद' ने उनकी 'मानसिक स्थिति' पर उठाए सवाल**

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी ने गमला भेंट किया जिसके बाद कुमार ने वही गमला अधिकारी के सिर पर रख दिया। मुख्यमंत्री के इस बर्ताव पर राज्य के मुख्य विपक्षी दल राजद ने उनकी 'मानसिक स्थिति' को लेकर सवाल उठाए। यह घटना पटना के एलएन मिश्रा इंस्टीट्यूट में हुई, जहां मुख्यमंत्री ने लगभग 10 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया और 20 नवनियुक्त संकाय सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपे। अतिरिक्त मुख्य सचिव (शिक्षा) एस सिद्धार्थ ने कुमार को गमला भेंट किया जिसे लेने के बाद कुमार ने उसे उसी अधिकारी के सिर पर रख दिया, जिससे लोग अचंभित रह गए। सिद्धार्थ ने तुरंत इसे हटा दिया और वहां से चले गए, इस दौरान वहां मौजूद लोग मुस्कुराने लगे। इस पूरे प्रकरण की एक क्लिप सोशल मीडिया पर सार्वजिक हो गई। यह घटना मुख्यमंत्री की ओर से किए गए असामान्य बर्ताव की घटनाओं की सूची में शामिल हो गई।

## बिहार में डॉक्टर समेत दो लोगों के कोविड से संक्रमित होने की पुष्टि

**पटना/भाषा।** बिहार में पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक डॉक्टर समेत दो लोगों के कोविड-19 वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पटना में 31 वर्षीय एक व्यक्ति के कोविड से संक्रमित होने की पुष्टि हुई जो ताजा लहर में बिहार का पहला मामला है। पटना के सिविल सर्जन अविनाश कुमार सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हाल में पटना के एक युवक में कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई, हालांकि उसने राज्य से बाहर की यात्रा नहीं की है। संक्रमण का स्तर बहुत हल्का है। संक्रमित का इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। मामले की बारीकी से निगरानी की जा रही है और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।''

जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि एम्स पटना के एक डॉक्टर के भी कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर लोगों से सतर्कता बरतने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि स्थिति को संभालने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। जिलाधिकारी ने कहा, ''पटना के सरकारी अस्पतालों को पहले ही तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इसमें बिस्तर, ऑक्सीजन, दवाइयों और टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल हैं।'' पिछले कुछ हफ्तों से देश भर में कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं।




## गाजियाबाद में अपराधी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

**एक कांस्टेबल की मौत और कई अन्य घायल**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नोएडा/गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** गाजियाबाद जिले में वांछित अपराधी को पकड़ने गई नोएडा पुलिस के एक दल पर एक समूह ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे एक कांस्टेबल की मौत हो गई और कई अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

नोएडा पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि घटना रविवार देर रात गाजियाबाद जिले के मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव की है जब नोएडा के थाना फेज-तीन में दर्ज एक मामले में वांछित अपराधी कादिर को पकड़ने के लिए पुलिस दल छापेमारी करने गया था।

गाजियाबाद पुलिस के अनुसार नोएडा पुलिस ने छापा मारकर कादिर को पकड़ लिया लेकिन जब पुलिस कादिर को अपने साथ ले जा रही थी तभी पंचायत भवन के पास छिपे उसके साथियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी और पथराव कर अपराधी को छुड़ा लिया। गाजियाबाद के पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि बदमाशों ने कई गोलियां चलाईं जिसमें से एक गोली कांस्टेबल सौरभ कुमार देशवाल के सिर में लग गई। उन्होंने बताया कि सौरभ को तुरंत गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रवक्ता ने बताया कि उपनिरीक्षक सचिन राठी, उदित सिंह, सुमित, निखिल सहित कई पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं। सूचना मिलने पर गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह घटना की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचीं। नोएडा थाना फेज-तीन के उप निरीक्षक सचिन ने मसूरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## उप्र में गुंडों को उत्पात मचाने की खुली छूट है: आजाद



**अलीगढ़ (उप्र)/भाषा।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने गत शनिवार को अलीगढ़ में मांस व्यापारी और उसके साथियों पर भीड़ द्वारा हमला किये जाने की कथित घटना की कड़ी निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उप्र में गुंडों को उत्पात मचाने की खुली छूट है। उन्होंने कहा कि यह घटना इस बात को साबित करती है कि उत्तर प्रदेश में अराजक भीड़ को उत्पात मचाने की खुली छूटी है।

आजाद ने घटना में घायल लोगों से अस्पताल में पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले शनिवार को मांस व्यापारी के वाहन पर भीड़ द्वारा किया गया हमला दिखाता है कि किस तरह भीड़ को उत्तर प्रदेश में उत्पात मचाने की खुली छूट है। आजाद ने कहा, ''परेशान करने वाली बात यह है कि हमला पुलिस दल के सामने हुआ। पुलिस असहाय होकर पूरी घटना को होते देखती रही, वह भी तब जब मांस व्यापारी ने माल के वैध होने के सभी दस्तावेज पेश किये थे।'' आजाद ने कहा कि राज्य में कमजोर वर्गों, खासकर दलितों और अल्पसंख्यकों पर इस तरह के हमले बढ़ रहे हैं और गुंडे-बदमाशों को खुली छूट है।

## कांग्रेस ने गौरव गोगोई को सौंपी असम इकाई की कमान

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव से करीब एक साल पहले सोमवार को अपनी राज्य इकाई में बड़ा बदलाव करते हुए लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया।

पिछले कुछ महीनों से अपनी ब्रिटिश मूल की पत्नी के कथित पाकिस्तानी संबंधों को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमलों का सामना कर रहे गोगोई ने यह नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वह आने वाले दिनों में राज्य की जनता का आशीर्वाद मांगेंगे। पार्टी के संगठन



महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त करने के साथ ही तीन नेताओं को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। असम विस के सदस्य जाकिर हुसैन सिकदर, पूर्व विधायक रोजलीना तिर्की और प्रदीप सरकार को पार्टी की असम इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

# टी20 विश्व कप मेरे दिमाग में है : केएल राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल अगले साल भारत में होने वाले विश्व कप के जरिये टी20 टीम में वापसी करना चाहते हैं और उन्होंने कहा कि इस प्रारूप से दूर रहने से उन्हें सफेद गेंद के प्रारूप में अपने खेल में सुधार का मौका मिला ।

राहुल पिछले तीन साल से भारत के लिये टी20 क्रिकेट नहीं खेले हैं । उन्होंने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप में खेला था जब भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार गई थी । राहुल ने स्काय स्पोटर्स से कहा ,'' मैं टी20 टीम में वापसी करना चाहता हूं और विश्व कप मेरे जेहन में है । लेकिन इस समय मैं सिर्फ अपने खेल का मजा लेना चाहता हूं ।''

मौजूदा टी20 चैम्पियन भारत 2026 में श्रीलंका के साथ विश्व कप की मेजबानी करेगा ।

आईपीएल में राहुल की दिल्ली कैपिटल्स टीम प्लेआफ के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी लेकिन उन्होंने 13 मैचों में 149.72 की स्ट्राइक रेट से 539 रन बनाये ।

राहुल ने छह सत्र में पांचवीं बार 500 से अधिक रन बनाये हैं । उन्होंने कहा ,'' मुझे सफेद गेंद के प्रारूप में अपने खेल पर काम करने का मौका मिला । मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं लेकिन 12 या 15 महीने



पहले मुझे अहसास हुआ था कि खेल बदल रहा है और तेज होता जा रहा है। इसमें वही टीम जीत रही है जो अधिक चौके छक्के लगा रही है।'' राहुल ने कहा ,'' मैं पिछले कुछ साल से टी20 टीम का हिस्सा नहीं हूं । इससे मुझे इस प्रारूप में अपने खेल पर विचार करने का मौका मिला ।''

उन्होंने कहा ,'' मैने बैठकर सोचा कि कहां बेहतर हो सकता हूं और मुझे खेल की रफ्तार पकड़ने के लिये क्या करना होगा । टी20 टीम में वापसी करने और वनडे तथा टी20 प्रारूप में टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने के लिये क्या करना होगा ।''

अपने एक दशक के कैरियर में राहुल का भारतीय टीम में बल्लेबाजी क्रम स्थिर नहीं रहा लेकिन उन्होंने कहा कि टीम की जरूरत के अनुसार अपने खेल में बदलाव करके उन्हें खुशी मिलती है । उन्होंने कहा ,'' अगर आपने मेरा कैरियर देखा हो तो मुझे नहीं लगता कि मेरे पास विकल्प थे और मैं वह खिलाड़ी नहीं रहा हूं जो चयनकर्ताओं से बात करे या कप्तान से बोले कि मैं ऐसा करना चाहता हूं ।'' राहुल ने कहा ,'' मैं बस टीम में रहना चाहता हूं और हर चुनौती का सामना करना चाहता हूं ।''

भारत को पिछली दो टेस्ट श्रृंखलाओं में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने हराया ।

राहुल ने कहा ,'' हम पिछली दो श्रृंखलाओं में बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे । घरेलू हालात में हमने तीन टेस्ट गंवाये । हमें रन बनाने पर मेहनत करनी होगी । निर्णायक क्षणों में नाकाम रहने का खामियाजा हमें ऑस्ट्रेलिया में भुगतना पड़ा और हमने वही गलतियां दोहराई ।''

## प्रियांक पांचाल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** भारत 'ए' और गुजरात के पूर्व कप्तान प्रियांक पांचाल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। पैंतीस साल के पांचाल ने 127 प्रथम श्रेणी मैच खेले जिसमें उन्होंने 29 शतक और 34 अर्द्धशतक की मदद से 45.18 की औसत से 8,856 रन बनाए।

दाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 97 लिस्ट ए मैच भी खेले जिसमें उन्होंने आठ शतक और 21 अर्द्धशतक के साथ 40.80 की औसत से 3,672 रन बनाए। उन्होंने 59 टी20 मैच में नौ अर्धशतक से 28.71 की औसत के साथ 1,522 रन बनाए। जीसीए सचिव अनिल पटेल ने एक बयान में कहा, ''गुजरात क्रिकेट संघ प्रियांक पांचाल को उनके शानदार करियर के लिए बधाई देता है। इस बल्लेबाज ने सोमवार 26 मई 2025 को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है।'' उन्होंने कहा, ''दाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांक ने कप्तान के रूप में भारत ए का भी प्रतिनिधित्व किया। वह 17 से अधिक वर्षों तक घरेलू क्रिकेट में गुजरात क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए सलामी बल्लेबाज के रूप में ढेरों रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।'' रणजी ट्रॉफी में 2016-17 में पांचाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 314 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के साथ 1,310 रन बनाए। इसी सत्र में गुजरात ने शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी जीती। वह विजय हजारे ट्रॉफी 2015-16 और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2012-13 और 2013-14 में खिताब जीतने वाली गुजरात टीम का हिस्सा भी रहे।

## सुविचार

**हम वही काटते हैं जो हम बोते हैं। हम अपने भाग्य के निर्माता स्वयं हैं। किसी और का दोष नहीं है, किसी की प्रशंसा नहीं है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# खींचतान और क्लेश, बेपटरी बांग्लादेश

बांग्लादेश में सियासी खींचतान और क्लेश ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की नाकामी पूरी तरह उजागर कर दी है। इस पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि यूनुस ने कुर्सी संभालते ही जो 'प्रयोग' करने शुरू किए थे, उनका यही नतीजा निकलना था। इन अर्थशास्त्री ने बांग्लादेश का जितना अनर्थ किया, शायद ही किसी ने किया होगा। दरअसल यूनुस ने अपनी पूरी ताकत हालात बेहतर बनाने के बजाय भारत का विरोध करने में लगा दी थी। उन्होंने ऐसे तत्त्वों को खुली छूट दे रखी थी, जो आए दिन भारत के बारे में भड़काऊ टिप्पणियां करते थे। आज जब बांग्लादेश से ऐसी खबरें आ रही हैं कि वहां कामबंदी, हड़तालें हो रही हैं, कंपनियों के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी धन नहीं है तथा लोगों में असंतोष बढ़ता ही जा रहा है, तो बांग्लादेशियों को चिंतन करना चाहिए। ऐसे हालात पैदा ही क्यों हुए? शेख हसीना के शासन में कमियां रही होंगी, लेकिन उनके नेतृत्व में इस देश ने बहुत उन्नति की थी। बांग्लादेश में लोग आज ज्यादा सुखी हैं या तब ज्यादा सुखी थे? उद्योग-धंधे आज ज्यादा अच्छे चल रहे हैं या तब ज्यादा अच्छे चल रहे थे? इस देश को कुछ कट्टरपंथियों ने ऐसा बेपटरी किया कि अब समझ नहीं आ रहा कि चलें तो कैसे चलें, किधर चलें! नोबेल पुरस्कार विजेता होने से यूनुस के साथ कई उम्मीदें जुड़ी थीं, लेकिन उन्होंने सबको बंगाल की खाड़ी में डुबो दिया। वे कभी चीन से नजदीकी बढ़ाते रहे, कभी पाकिस्तान से भाईचारा निभाते रहे। ये दोनों ही किसी काम नहीं आए।

याद करें, पिछले साल जब बीएनपी के नेता और कार्यकर्ता भारतीय साड़ियां जला रहे थे, तो हमने 10 दिसंबर के अंक में यह लिखते हुए चेताया था कि 'ये सिर्फ भारतीय साड़ियां नहीं जला रहे, बल्कि अपने देश का भविष्य जला रहे हैं, अपने लोगों की खुशहाली व समृद्धि को खाक में मिला रहे हैं।' आज बांग्लादेश उसी बिंदु पर पहुंच चुका है। भारत से दुश्मनी करके क्या मिला? हमारा देश तो जापान को पछाड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था कहां है? इस पड़ोसी देश में कोई अक्लमंद शख्स बागडोर संभालता तो सबसे पहले भारत के साथ संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर देता। बांग्लादेशी अर्थव्यवस्था शीर्ष 20 में भी शामिल नहीं है। वह आंतरिक चुनौतियों से जूझती रहती है। उसके पास तकनीक में निवेश के लिए पूंजी का अभाव है। उसे भारत से सदैव सहयोग मिलता रहा है। पिछले एक दशक में बांग्लादेश के वस्त्र उद्योग ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। वहां कार्यबल में महिलाओं की भूमिका बढ़ी थी। डॉलर के मुकाबले उसकी मुद्रा काफी हद तक स्थिर थी। कई विशेषज्ञ यह कहने लगे थे कि बांग्लादेश 'नेक्स्ट एशियन टाइगर' है। कुछ लोगों को यह रास नहीं आया। बांग्लादेशियों ने अपने हाथों देश का बंटाधार कर लिया। वे इसके लिए भारत को दोष नहीं दे सकते। अब तो स्पष्ट हो चुका है कि बांग्लादेश में जो हिंसा छिड़ी, वह कोई छात्र आंदोलन नहीं था। बेकाबू भीड़ में शामिल कई लोगों ने जिस तरह शेख हसीना के अंतर्वस्त्र लूटकर हवा में निर्लज्जता से लहराए थे, राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर हथौड़े बरसाए थे, अल्पसंख्यकों के घरों और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था, उससे संकेत मिल रहे थे कि यह छात्र आंदोलन के नाम पर कट्टरपंथी तत्त्वों और विदेशी एजेंसियों का शक्ति प्रदर्शन है। इसने बांग्लादेश को कई साल पीछे धकेल दिया है। यूनुस की कारगुजारी सब देख चुके हैं। वे कब अमेरिका की फ्लाइट पकड़ लें, कुछ कहा नहीं जा सकता। अब सोचना उन लोगों को है, जिन्हें बांग्लादेश में ही रहना है। भारत से बैर करके पाकिस्तान कंगाली के कगार पर आ गया। उसके नक्शे-कदम पर चलने से ढाका को बर्बादी के सिवा कुछ नहीं मिल सकता। अगर बांग्लादेश को बचाना है, सही राह पर चलाना है तो भारत के साथ संबंधों को मधुर बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## ट्वीटर टॉक



चूरू निवासी, त्रिपुरा स्टेट राइफल में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात श्री कुलदीप पूनियां जी के शहीद होने की सूचना दु:खद है। इन्होंने मणिपुर में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में वीरगति को प्राप्त होकर भारत मां के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर समस्त माताओं एवं बहनों को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह व्रत नारी शक्ति की आस्था, संकल्प और सच्चे प्रेम का प्रतीक है। मां सावित्री की तरह आप सभी का जीवन भी श्रद्धा, शक्ति और सौभाग्य से परिपूर्ण हो।

**-वसुंधरा राजे**



भारतीय सेना ने शौर्य एवं पराक्रम दिखाकर ऑपरेशन सिंदूर कर आतंकवादियों एवं उनकी पनाहगार पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया। हालांकि अमेरिका के दबाव में मोदी सरकार ने सीजफायर कर दिया जिससे पूरे देश में आक्रोश है।

**-अशोक गहलोत**

## प्रेरक प्रसंग

# बांसुरी की आत्मा

एक बार श्रीराधा रानी ने प्रिय श्यामसुन्दर से विनम्रतापूर्वक कहा'आज आपकी मुरली बजाने की प्रबल इच्छा हो रही है। हमें अपनी मुरली दीजिए।' श्यामसुन्दर मुस्कराए और बोले'प्रिये! यह मुरली आपसे नहीं बजेगी।' राधारानी थोड़ी आश्चर्यचकित होकर बोलीं'क्या मुझे मुरली बजाना नहीं आता?' श्यामसुन्दर ने कहा 'नहीं नहीं, आप तो चौंसठ कलाओं से सम्पन्न हैं। लेकिन यह मुरली तो विशेष है, यह केवल उसी से बजती है जो इसके रहस्य को जानता हो।' राधारानी ने प्रयास किया। लेकिन मुरली से स्वर न निकला। वे बोलीं'श्याम! अवश्य ही तुमने इसमें कोई जादू कर दिया है।' इतने में ललिता सखी वहां आ पहुंचीं। वे बोलीं'स्वामिनीजू! यह मुरली आपसे इसलिए नहीं बज रही क्योंकि आप इसमें कृष्ण नाम भर रही हैं।' राधारानी ने पूछा'ललिते! तू भी श्यामसुन्दर के साथ मिली हुई है क्या?' सखी बोलीं'नहीं स्वामिनी, मैं तो केवल सत्य कह रही हूं। यह मुरली केवल 'राधे-नाम' से ही बजती है। आप इसमें 'राधे' नाम भरिए, तब यह अवश्य बजेगी।' राधारानी ने इस बार मुरली में 'राधे' नाम भरा। आश्चर्य! मुरली स्वयं बजने लगी, जैसे उसमें आत्मा आ गई हो।

## सामयिक

# नये आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल

**ललित गर्ग**
**मोबाइल : 9811051133**

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रविवार की सुबह नये उगते सूरज के साथ भारत के नये आर्थिक सूरज बनने की सुखद एवं आह्लादकारी खबर दी। उन्होंने बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है।

सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। वर्ष 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं।



**सदियों पहले भारत एक विकसित सभ्यता एवं सोने की चिड़िया रहा है। भारत हर ष्टि से समृद्ध देश रहा है। अंग्रेजों की बेड़ियों में जकड़ने से पहले मध्यकालीन दौर में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी रहा। विदेशी आक्रांताओं ने देश को लूटा। इतिहास में झांकें, तो लग सकता है कि मौर्य साम्राज्य की तरह एक बार फिर भारत समृद्धि के शिखर पर आरोहण करते हुए नए आर्थिक सफर एवं दुनिया की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के लिये साजो-सामान तैयार कर रहा है।**

इससे भारत और जापान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 और सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। भारत विश्वगुरु बनने एवं विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। भारत ने जापान को पछाड़ कर जो छलांग लगायी है, इसके पीछे जापान की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियों रही है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2025 में जापान की जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 0.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो भारत की 6.5 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। जापान की उम्रदराज आबादी और लो बर्थ रेट ने लेबर फोर्स को सीमित कर दिया है। अमेरिका और अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ और व्यापार नीतियों ने जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। जापान की अर्थव्यवस्था कई दशकों से स्थिरता के लिए संघर्ष कर रही है, जिसके कारण वह भारत जैसे तेजी से बढ़ते देशों से पिछड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे निकलने की रेस में है। ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ने से ये विकास दर बनी रहेगी। हालांकि, ग्लोबल अनिश्चितता और ट्रेड टेंशन की वजह से इसमें थोड़ा असर पड़ सकता है। सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है। इन आर्थिक उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने जापान को पीछे छोड़ चौथी अर्थ-व्यवस्था बन गयी है। भारत ने अनेक आर्थिक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। लेकिन भारत के सामने चुनौतियां भी नयी-नयी शक्लों में उभर रही है। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे। भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। इन समृद्धशालियों से उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। तभी देश आर्थिक दृष्टि से दुनिया की महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्रता से गति कर सकेगा। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब धनाढ्यों में एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है।

सदियों पहले भारत एक विकसित सभ्यता एवं सोने की चिड़िया रहा है। भारत हर दृष्टि से समृद्ध देश रहा है। अंग्रेजों की बेड़ियों में जकड़ने से पहले मध्यकालीन दौर में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी रहा। विदेशी आक्रांताओं ने देश को लूटा। इतिहास में झांकें, तो लग सकता है कि मौर्य साम्राज्य की तरह एक बार फिर भारत समृद्धि के शिखर पर आरोहण करते हुए नए आर्थिक सफर एवं दुनिया की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के लिये साजो-सामान तैयार कर रहा है। मॉर्गन स्टेनली के विशेषज्ञों ने कुछ ही समय पहले कहा है कि अगले दस साल भारत के लिए कुछ वैसे ही तेज विकास का समय होगा, जैसे चीन ने 2007 से 2012 के बीच देखा। आज के भारत में राजनीतिक एकता और सैन्य सुरक्षा के साथ पूरे इलाके का एक आर्थिक तंत्र भी विकसित हो रहा है। आर्थिक समृद्धि का दौर शुरू हुआ है तो इसके बाधक तत्वों पर विचार करना ज्यादा जरूरी है।

## नजरिया

# डर गए अंकल सैम

**प्रमोद भार्गव**
**मोबाइल : 09425488224**

युद्ध के बढ़ते वैश्विक खतरों और अत्याधुनिक हथियारों के प्रयोग की प्रतिस्पर्धा में दुनिया की महाशक्ति माना जाने वाला देश अमेरिका शायद भयभीत है। उसका यह भय भारत द्वारा पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर किए गए सटीक ड्रोण और मिसाइल हमलों के परिप्रेक्ष्य में भी हो सकता है क्योंकि इस हमले और रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमास के युद्धों में भी जमीन से कहीं ज्यादा आसमान के जरिए लड़ाई लड़ी जा रही है। हालांकि अमेरिका को चीन को छोड़ एशिया में किसी देश से खतरा नहीं है। अमेरिका की यौद्धिक क्षमता किसी भी देष पर भारी पड़ सकती है। ज्यादातर पश्चिमी देश भी उसके मददगार हैं। लेकिन जिस तरह से दुनिया में विश्वयुद्ध के हालात बन रहे हैं और भविष्य में अंतरिक्ष से युद्ध लड़े जाने की संभावनाएं बढ़ रही हैं, उस स्थिति में यदि हमलों की बाढ़ आ जाए तो अमेरिकी रक्षा प्रणाली कमजोर साबित हो सकती है। दरअसल दुनिया के अनेक परमाणु शक्ति संपन्न देषों ने ऐसे हथियार विकसित कर लिए हैं, जिनसे दुनिया के किसी भी दूर देश पर आक्रामण करना आसान हो गया है। यही कारण है कि अमेरिकी राश्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसी अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली निर्मित करने के लिए हरी झंडी दे दी है, जो अंतरिक्ष, भूमि और समुद्र तीनों जगह से युद्ध करने के साथ दूसरे देषों से छोड़े गए हथियारों को निष्क्रिय करने में सक्षम हो। इसमें ऐसी तकनीक होगी जो शत्रु की मिसाइल को छोड़ने के साथ ही पकड़ लेगी और वायु मार्ग में ही नष्ट कर देगी। इसे गोल्डन डोम नाम दिया गया है। ट्रंप ने एक वीडियो संदेश जारी करके दावा किया है कि यह विलक्षण प्रौद्योगिकी कुछ ऐसी विचित्र होगी, जो केवल अमेरिका के पास ही होगी।

अमेरिका ने वर्तमान में अमेरिका से बाहर अनेक स्थलों पर थल, जल और वायु सेना के लिए आधार शिविर बनाए हुए हैं। बावजूद कई ऐसे क्षेत्र भी है, जो अमेरिकी सेनाओं के लिए अबूझ क्षेत्र है। दुश्मन क्षेत्र इन क्षेत्रों की पहचान कर आसानी से राडार की नजर में नहीं आने वाले हथियारों से उसे निशाना बना सकते है। क्योंकि अमेरिका के पास फिलहाल ऐसी कोई सुरक्षा प्रणाली नहीं है, जिसके जरिए वह हाईपर सौनिक मिसाइलों और ड्रोन हमलों की बाढ़ का सामना कर सके। अंतरिक्ष हमलों से रक्षा के लिए अमेरिका के पास मिसाइल सुरक्षा प्रणाली जरूर है, इनमें पेट्रियट, नाइकी हरक्यूलीज और टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया सुरक्षा प्रणालियां प्रमुख हैं। ये उपकरण कई इकाईयों में विभाजित हैं। इसलिए अमेरिका इस बिखरी हुई क्षमता को उत्तम नहीं मानता है। इसलिए ट्रंप ने गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम निर्माण करने का ऐलान किया है। यह अंतरिक्ष समेत दुनिया में कहीं से भी दागी गईं सभी प्रकार की मिसाइलों को नष्ट करने में समर्थ होगा। 15 लाख करोड़ रुपए की इस योजना को 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा। अमेरिका इस प्रणाली को बनाने में सफल हो जाता है तो दुनिया का वह ऐसा एकमात्र देश होगा, जिसके पास इतना मजबूत सुरक्षा कवच होगा। अमेरिका, उत्तर कोरिया, चीन, रूस और ईरान को खतरनाक प्रतिद्वंद्वी के रूप में महसूस करता है, इसलिए उसने डोम मनाने का निर्णय लिया है। दरअसल इन देशों ने अत्यंत घातक मार करने वाली अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें विकसित कर ली हैं, जिनके दायरे में अमेरिका के प्रमुख सैन्य ठिकाने और महानगर आ गए हैं। हालांकि अमेरिका के पास जो पैट्रियट मिसाइल बैटरी मिसाइल हमले रोकने में सक्षम है। अमेरिका ने ही यूक्रेन को यह सुरक्षा प्रणाली दी हुई है। यह उपग्रह से भी जोड़ी जा सकती है। भारत के पास ऐसे ही हमलों से बचने के लिए एस-400 सुरक्षा प्रणाली हैं, इसी ने ऑपरेषन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को आसमान में ही नाकाम कर दिया था।

अमेरिका का गोल्डन डोम इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। एलन मस्क इसके निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। यह डोम बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलों को चार चरणों में रोकने में समर्थ होगा। एक, प्रक्षेपित करने के समय ही पहचान कर नष्ट कर देना। दो, प्रक्षेपण के आरंभिक चरण में ही रोककर नष्ट करना। तीन, हवा में नष्ट कर देना और चार निशाना बनाने के ठीक पहले तबाह कर देना। दुनिया के इस सबसे महंगी अंतरिक्ष सुरक्षा प्रणाली में मिसाइल युक्त उपग्रह और इंटरसेप्टर लेजर नेटवर्क जुड़ा होगा। डोम से जुड़ी मिसाइलें जरूरत पड़ने पर लघु और कम दूरी की शत्रु-मिसाइलों को ध्वस्त कर देंगी। इसमें हाइपरसोनिक गति से चलने वाली मिसाइलों के लिए अलग तरह के हथियार लगाए जा सकते है। फिलहाल इस डोम में पूर्व से उपलब्ध मिसाइल रक्षा प्रणालियों को एकीकृत कर प्रयोग में लाया जाएगा। गोल्डन डोम की लागत दो दषक में 71.46 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। चीन और रूस ऐसे उपकरणों से जुड़े हुए सेटेलाइट पहले ही तैनात कर चुके हैं। इनमें अमेरिकी उपग्रह नष्ट करने की क्षमता है। अमेरिका ने एक साल पहले ऐसा दावा किया था कि रूस ऐसा परमाणु हथियार बना रहा है, जो अंतरिक्ष में मंडराते हुए विस्फोट कर उसके आसपास के उपग्रहों को नष्ट कर सकता है। हालांकि रूस और चीन ने इस गोल्डन डोम के निर्माण के ऐलान के साथ ही कहा है कि यह उपाय अस्थिरता पैदा करने वाला होगा। गोल्डन डोम अंतरिक्ष में हथियार रखने का स्थल बनाने के साथ टकराव के नए हालात पैदा कर सकता है।

**दरअसल, इजरायल ने अपने प्रमुख नगर तेल अवीव के चारों ओर पांच इस्पाती छत्र स्थापित किए हुए हैं। ये दागी गईं मिसाइल का पता करके उसे वायुमंडल में ही ध्वस्त कर देते हैं। एक छत्र की कीमत 340 करोड़ रुपए है। ये अमेरिका की आर्थिक और तकनीक मदद से 2011 में निर्मित करके सक्रिय कर दिए गए थे। ये लड़ाकू विमान और द्रोण से छोड़ी जाने वाले मिसाइलों को भी निशाना बनाने में सक्षम हैं। इसमें तामीर इंटरसेप्ट मिसाइलें लगी हैं, जो गाजा पट्टी से होने वाले हवाई हमले के समय स्वयंमेव सक्रिय होकर प्रतिशोध ले लेती हैं।**

आजकल इजरायल और फिलिस्तीन समर्थक आतंकवादी संगठन हमास के बीच युद्ध चल रहा है। दुनिया ने करीब एक साल पहले देखा था कि आतंकी पैराग्लाइडिंग पर सवार होकर इजरायल की सीमा में घुसे और हजारों मिसाइलों से इजरायल पर हमला बोल दिया था। मिसाइलों के हवाई हमले से बचने के लिए इजरायल ने आयरन डोम अर्थात इस्पाती छत्र विकसित किया हुआ है। लेकिन इस बार यह डोम हमास की मिसाइलों को आसमान में ही ध्वस्त करने में असफल रहा था। दरअसल इसके सॉफ्टवेयर को अपडेट किए जाते रहे थे, लेकिन हार्डवेयर अद्यतन नहीं किया गया। नतीजतन आयरन डोम नाम की यह हवाई सुरक्षा प्रणाली अपना लक्ष्य नहीं साध पाई। इसके नाकाम रहने का एक कारण यह भी रहा कि आतंकियों ने एक साथ पांच हजार मिसाइलें दाग दी थीं। जबकि इसकी क्षमता दो हजार मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने की है। इसका उद्देश्य हवाई हमलों को हवा में ही रोकना है।

इस डोम को दुनिया का सबसे भरोसेमंद हवाई हथियार माना जाता है। 2021 में 11 दिन तक चले खूनी संघर्ष में इस डोम ने हवा में दुश्मन की मिसाइलों को मार गिराने का करिश्मा दिखाया था। इस हमले में इजराइल पर 40 घंटे में रॉकेट से 1050 प्रक्षेपास्त्र (मिसाइल) दागी गईं थीं, इनमें 850 से ज्यादा प्रक्षेपास्त्रों को इजरायल की पुख्ता सुरक्षा प्रणाली इस्पाती-छत्र ने हवा में ही नष्ट कर दिया था। कुछ प्रक्षेपास्त्र आबाद बस्तियों में भी गिरीं, जिनसे जान-माल को नुकसान हुआ। इजरायल ने इस वक्त दावा किया था कि वह इस लौह-कवच की बदौलत ही सुरक्षित है।

दरअसल, इजरायल ने अपने प्रमुख नगर तेल अवीव के चारों ओर पांच इस्पाती छत्र स्थापित किए हुए हैं। ये दागी गईं मिसाइल का पता करके उसे वायुमंडल में ही ध्वस्त कर देते हैं। एक छत्र की कीमत 340 करोड़ रुपए है। ये अमेरिका की आर्थिक और तकनीक मदद से 2011 में निर्मित करके सक्रिय कर दिए गए थे। ये लड़ाकू विमान और द्रोण से छोड़ी जाने वाले मिसाइलों को भी निशाना बनाने में सक्षम हैं। इसमें तामीर इंटरसेप्ट मिसाइलें लगी हैं, जो गाजा पट्टी से होने वाले हवाई हमले के समय स्वयंमेव सक्रिय होकर प्रतिशोध ले लेती हैं। ये मिसाइलें 80 से 90 प्रतिशत सटीक लक्ष्य साधने में सफल रहती हैं। अतएव लगता है युद्ध संबंधी इस क्षमता और सामर्थ्य से घबराकर अमेरिका ने गोल्डन डोम बनाने का फैसला लिया है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# पाकिस्तान किस तरह आतंकवाद को पनाह दे रहा है, दुनिया को ध्यान देने की जरूरत: अभिषेक बनर्जी

**सियोल/भाषा**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को चेतावनी दी कि दुनिया को इस बात को लेकर बहुत सावधान और सचेत रहने की जरूरत है कि पाकिस्तान किस तरह से आतंकवाद को पनाह दे रहा है।

बनर्जी, दक्षिण कोरिया की यात्रा पर पहुंचे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।

बनर्जी ने सियोल में कोरियाई 'थिंक टैंक' के साथ एक उच्च स्तरीय वार्ता में कहा, पीठ पीछे सांप पालना और उम्मीद करना कि वह सिर्फ आपके पड़ोसी को ही डसे, यह आखिरी चीज है जिसके बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, एक बार जब वह सांप बाहर आ जाता है, तो वह जिसे चाहे काट सकता है। सांप तो सांप ही रहता है। इसलिए हमें इस बात को लेकर बहुत सावधान और सचेत रहने की जरूरत है कि पाकिस्तान किस तरह से 11 सितंबर (2001), 26 नवंबर (2008) से लेकर उरी, पहलगाम तक लगातार एक के बाद एक आतंकी हमलों के जरिए आतंकवाद और आतंकवादियों को पनाह दे रहा है। ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के एबटाबाद में छिपा था। बनर्जी ने कहा, हम पूरी विनम्रता और शालीनता के साथ यह बताना चाहते हैं कि पाकिस्तान को दिया गया कोई भी समर्थन आतंकी संगठनों को समर्थन है। पाकिस्तान की हरकतों का समर्थन या बचाव करने वाला कोई भी व्यक्ति, वास्तव में आतंकवाद का समर्थन कर रहा है।



बनर्जी, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राज्यसभा सजस्य संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला अब भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह अब वैश्विक अनिवार्यता बन गया है। टीएमसी नेता ने कहा, हम बार-बार यह कहते रहे हैं कि पाकिस्तान किस तरह से अपनी धरती पर आतंकवादियों को पनाह, सुरक्षा और आश्रय दे रहा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला इस बात का सबूत है कि पाकिस्तान नहीं चाहता कि भारतीय अर्थव्यवस्था समृद्ध हो।

बनर्जी ने कहा, अगर आप भारत और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्थाओं के प्रक्षेप पथ को देखें तो दोनों में स्वर्ग और नरक का अंतर है। भारत ने छलांग लगाकर विकास किया है, जबकि पाकिस्तान अपने आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत को उम्मीद थी कि पाकिस्तान न्याय करेगा और अपराधियों को सजा दिलाएगा।

टीएमसी नेता ने कहा, हमने 14 दिनों तक धैर्यपूर्वक इंतजार किया और फिर लगभग दो सप्ताह के इंतजार के बाद सात मई को हवाई हमले किए। उन्होंने कहा, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो भारत ने सटीक तरीके से जवाब दिया। हमारे हवाई हमलों ने एक भी नागरिक को नुकसान पहुंचाए बिना नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जिससे हिंसा के सूत्रधारों को स्पष्ट, निर्णायक संदेश गया।

बनर्जी ने कहा, मैं बंगाल से आता हूं, एक ऐसी भूमि जो कोरिया के साथ सभ्यतागत बंधन साझा करती है, कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की भूमि, जिनकी कविता 'लैंप ऑफ द ईस्ट' आज भी इस देश में गहराई से गूंजती है।

# परमाणु शक्ति से समर्थित बर्बर आतंकवाद विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा : एम जे अकबर


**पेरिस/भाषा**

यूरोप के छह देशों के लिए भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के अपनी यात्रा प्रारंभ करने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एम जे अकबर ने सोमवार को कहा कि सैन्यवादी शासन के नियंत्रण वाली परमाणु शक्ति द्वारा समर्थित बर्बर आतंकवाद विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

अकबर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले नौ-सदस्यीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और 'ऑपरेशन सिंदूर' के महत्व पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक अपनी बात पहुंचाने के लिए यूरोप की यात्रा पर है।

अकबर ने कहा कि फ्रांस के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास को दर्शाती है।

यह प्रतिनिधिमंडल 'सीनेट' और 'नेशनल असेंबली', थिंक टैंक और विभिन्न भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करेगा, ताकि पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले के मद्देनजर आतंकवाद को कतई न सहने के भारत के रुख को दोहराया जा सके। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी।



अकबर ने कहा, ''विश्व शांति के लिए सबसे बड़े खतरे के खिलाफ लड़ाई में भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अग्रणी बन गया है और मैं अपने शब्दों का चयन सावधानी से कर रहा हूं। यह खतरा परमाणु शक्ति द्वारा समर्थित बर्बर आतंकवाद है, जबकि यह परमाणु शक्ति सैन्यवादी शासन के हाथों में है।''

अकबर ने कहा, ''यह सम्मिश्रण एक खतरे का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे लेकर अगर दुनिया नहीं जागती है, अगर दुनिया उसे सफलतापूर्वक नहीं समझती है, तो सरकारें अपने लोगों के साथ अन्याय करेंगी, क्योंकि यह खतरा केवल उपयोग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय खतरा है।''

'टिंडरबॉक्स: द पास्ट एंड फ्यूचर ऑफ पाकिस्तान' के लेखक अकबर ने पाकिस्तान को सरकार-प्रायोजित आतंकवाद का उपयोग करने वाला पहला देश बताया।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''पाकिस्तान को यह समझना चाहिए कि सरकार प्रायोजित आतंकवाद का इस्तेमाल करने के परिणाम कभी नहीं बदलेंगे।'' उन्होंने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद से कभी नहीं डरेगा।

भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों पर अकबर ने कहा, ''द्विपक्षीय संबंधों के सुरक्षा आयाम की मजबूती विश्वास का सबूत है। मजबूत विश्वास के बिना आप सुरक्षा संबंध नहीं बना सकते।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए, फ्रांस में हमारी बातचीत बेहद उत्पादक होगी। हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं, जिसके बारे में फ्रांस समझता है कि यह केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह फ्रांस की भी समस्या है और आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में आपसी सहयोग दोनों पक्षों के लिए आवश्यक है।'' यह बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल, 'ऑपरेशन सिन्दूर' के बाद अंतरराष्ट्रीय संपर्क पहल के तहत सातवां समूह है, जिसमें सांसद दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, प्रियंका चतुर्वेदी, गुलाम अली खटाना, डॉ अमर सिंह, सामिक भट्टाचार्य और एम. थंबीदुरई तथा पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार राजदूत पंकज सरन शामिल हैं। फ्रांस के बाद यह प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन, जर्मनी, यूरोपीय संघ, ईटली और डेनमार्क जाएगा।



# 'मां' का पहला पोस्टर जारी, राक्षस से भिड़ी काजोल

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड स्टार काजोल ने अपनी नई फिल्म 'मां' से अपना पहला पोस्टर जारी किया, जिसमें वह एक बहादुर योद्धा के अवतार में नजर आ रही हैं। इस फिल्म में वह एक ऐसे किरदार में हैं जो अपने परिवार को खतरनाक और बुरी ताकत से बचाने के लिए लड़ती हैं। पोस्टर के साथ एक्ट्रेस ने ट्रेलर के रिलीज होने की डेट का भी खुलासा किया। काजोल ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में काजोल और एक शैतान नजर आ रहा है, जिसकी लाल आंखें चमक रही हैं और शरीर बेहद डरावना है। दोनों एक-दूसरे पर चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में आकाशीय बिजली चमकती नजर आ रही है। कुल मिलाकर पोस्टर काफी डरावना है। पोस्टर पर लाल रंग में लिखा है, 'रक्षक, भक्षक और मां', पोस्टर में दमदार ऑडियो सुनाई दे रहा है। यह ऑडियो काफी जोशीला है। ऐसा लगता है काजोल शैतान से लड़ने को पूरी तरह तैयार हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए काजोल ने कैप्शन में लिखा- 'रक्षक, भक्षक, मां। बचाने वाली। बर्बाद करने वाली। चार के दिन के बाद ट्रेलर आएगा।'

फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है। वह 'छोरी' और 'छोरी 2' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म 'मां' को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में काजोल के अलावा इंद्रनील सेनगुप्ता, रोनित रॉय और जितिन गुलाटी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह एक महिला की कहानी है, जो अपनी बेटी को बुरी ताकतों से बचाने के लिए किसी भी हद तक जाती है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल की झोली में एक्शन थ्रिलर फिल्म 'महारागनी: क्वीन ऑफ क्वींस' है, जिसका निर्देशन चरण तेज उप्पलपति ने किया है। इस फिल्म में काजोल के साथ प्रभु देवा भी नजर आएंगे। बता दें कि दोनों ने पहले भी साथ में काम किया था। 1997 में तमिल फिल्म 'मिनसारा कनवु' में प्रभु देवा और काजोल ने एक साथ अभिनय किया था। अब 27 साल बाद फिर से दोनों साथ में नजर आएंगे। काजोल और प्रभु देवा के अलावा फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, संयुक्ता मेनन, जीशु सेनगुप्ता, आदित्य सील, प्रमोद पाठक और छाया कदम भी अहम रोल में हैं।



# पवन कल्याण की फिल्म 'ओजी' 25 सितंबर को होगी रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

पावर स्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म ओजी 25 सितंबर को रिलीज होगी। फिल्म ओजी के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इस फिल्म की दुनिया भर में नई रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है। फिल्म ओजी 25 सितंबर, 2025 को भव्य वैश्विक रिलीज के लिए तैयार है। सुजीत द्वारा निर्देशित फिल्म ओजी में हाई-ऑक्टेन एक्शन, दमदार अभिनय और एक मनोरंजक कहानी का मिश्रण है। इस फिल्म में पवन कल्याण जबरदस्त अवतार में हैं, जिसे देखने के लिए प्रशंसक बड़े पर्दे पर बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म ओजी तेलुगु फिल्म उद्योग में इमरान हाशमी की पहली फिल्म है। पवन कल्याण के साथ उनका तीव्र आमना-सामना फिल्म के प्रमुख आकर्षणों में से एक होने वाला है, जो प्रत्याशा के स्तर को और भी अधिक बढ़ा देता है। प्रियंका अरुल मोहन ने पवन कल्याण के साथ अभिनय किया है। इस फिल्म का संगीत एस थमन ने तैयार किया है।

# वेबसीरीज 'सिंगल पापा' में नजर आएंगी नेहा धूपिया

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ,निर्देशक शशांक खेतान की वेबसीरीज 'सिंगल पापा' में काम करती नजर आयेंगी। शशांक खेतान, इन दिनों जान्हवी कपूर और वरुण धवन के साथ फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग कर रहे हैं। अब वह जल्द ही ओटीटी पर भी डेब्यू करने जा रहे हैं। उनका शो सिंगल पापा पहले ही खबरों में था, जब इसमें कुणाल खेमू के शामिल होने की बात सामने आई थी। अब चर्चा है कि इस सीरीज़ में नेहा धूपिया को भी एक अहम भूमिका के लिए लिया गया है। इस सीरीज़ की शूटिंग इस वक्त चल रही है। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया, नेहा धूपिया इस शो में एक अहम लीड रोल निभा रही हैं। शो का नाम सिंगल पापा है और इसकी शूटिंग अब अपने आखिरी चरण में है। यह शशांक का पहला ओटीटी प्रोजेक्ट है और इसे एक पारिवारिक, हल्के-फुल्के अंदाज़ की एंटरटेनर सीरीज़ बताया जा रहा है।





# टीवी पर जल्द शुरू हो रहा 'सुपर डांसर सीजन 5'

**मुंबई/एजेन्सी**

टीवी का पसंदीदा डांस रियलिटी शो 'सुपर डांसर' अपने पांचवें सीजन के साथ लौट रहा है। यह शो बच्चों की डांस प्रतिभा को मंच देता है। अब जब सीजन 5 की तैयारी शुरू हो गई है, तो दर्शकों के बीच उत्सुकता देखने को मिल रही है। इस नए सीजन में 12 बच्चे बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेंगे। इस शो की जज एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, कोरियोग्राफर गीता कपूर और उनके साथ कोरियोग्राफर मर्जी पेस्टनजी होंगे। बता दें कि शिल्पा और गीता पहले भी शो की जज रह चुकी हैं। वहीं, मर्जी इस शो में पहले कई बार गेस्ट के तौर पर शामिल हो चुके हैं, लेकिन इस बार वह शो के नए जज बनकर आएंगे। शो के होस्ट परितोष त्रिपाठी होंगे। शो के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए शिल्पा शेट्टी ने कहा, ''एक मां का सबसे बड़ा सपना होता है कि उसका बच्चा दुनिया में नाम कमाए। मैं खुद एक मां हूं, इसलिए जानती हूं कि मां का अपने बच्चे के लिए कितना प्यार और सपोर्ट होता है। जज के तौर पर मैं ऐसे परफॉर्मेंस देखना पसंद करती हूं जो सीधा दिल को छू जाए।''

जज गीता कपूर ने कहा, ''इस नए सीजन में खास बात ये है कि मां और बच्चे के रिश्ते को बहुत खूबसूरती से दिखाया जाएगा। हर कंटेस्टेंट अपने डांस में नए-नए आइडियाज लेकर आएंगे। वह बिना डर के एक्सपेरिमेंट करेंगे और पूरी मेहनत से बेहतरीन परफॉर्मेंस देंगे। मैं इन सभी कंटेस्टेंट्स को पहले से ही दिल से शुभकामनाएं देती हूं।'' कोरियोग्राफर मर्जी ने कहा, ''मैं पहले भी 'सुपर डांसर' शो में गेस्ट बनकर आया हूं। जब भी मैं यहां आया हूं, हर बार बच्चों की काबिलियत, एनर्जी और जोश देखकर हैरान रह जाता हूं। कंटेस्टेंट्स के डांस देखकर मुझे वाकई बेहद खुशी होती है। पहली बार जज बनकर इस शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास और भावुक करने वाला अनुभव है।'' 'सुपर डांसर- सीजन 5' जल्दी ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर शुरू होने वाला है। लेकिन अभी तक शो की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

# प्रभास के साथ काम करेंगी तृप्ति डिमरी

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की आने वाली फिल्म स्पिरिट में दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास के साथ काम करती नजर आयेंगी। तृप्ति डिमरी इन दिनों सफलता की ऊंचाइयों पर हैं, और उनकी रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म 'एनिमल' में अपने दमदार प्रदर्शन से जबरदस्त लोकप्रियता हासिल करने के बाद, तृप्ति अब बॉलीवुड की सबसे चर्चित और डिमांड में रहने वाली अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं। उनकी झोली में अब एक और बड़ी फिल्म आ गयी है। तृप्ति,संदीप रेड्डी वांगा की अगली फिल्म स्पिरिट,में प्रभास के अपोज़िट लीड रोल में नजर आएंगी। निर्माता भूषण कुमार और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने तृप्ति का फिल्म स्पिरिट में स्वागत किया। इस मौके पर तृप्ति ने भी इंस्टाग्राम पर अपने उत्साह को साझा करते हुए लिखा,अब भी यकीन नहीं हो रहा इस यात्रा का हिस्सा बनने का भरोसा देने के लिए आभार। शुक्रिया संदीप रेड्डी वांगा, आपके विज़न का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह पहली बार होगा जब तृप्ति डिमरी और प्रभास एक साथ स्क्रीन साझा करेंगे। आज की पीढ़ी की उभरती हुई प्रतिभाओं में तृप्ति डिमरी निश्चित रूप से अगली बड़ी सुपरस्टार के रूप में उभर रही हैं। इस समय वे इम्तियाज अली और विशाल भारद्वाज जैसे देश के प्रतिष्ठित निर्देशकों के साथ काम कर रही हैं और जल्द ही शाहिद कपूर, फहाद फासिल और प्रभास जैसे बड़े सितारों के साथ नजर आएंगी।



# अमिताभ ने भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर खुशी जताई

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बढ़ने और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर खुशी जताई है। अमिताभ बच्चन ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर पोस्ट किया है और खुशी जताई है। साथ ही उन्होंने अग्निवीरों का उत्साहवर्धन करते हुए भारतीय सेना को सलाम भी किया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर अपने पोस्ट में सबसे पहले जय हिंद और तिरंगे वाली इमोजी से शुरुआत की। उन्होंने लिखा, भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जर्मनी और अब भारत। आगामी 2.5 से 03 साल में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अमिताभ ने आगे सभी देशों की जीडीपी का जिक्र करते हुए लिखा, संयुक्त राज्य अमेरिका 30.51 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ। चीन 19.23 ट्रिलियन डॉलर के जीडीपी के साथ। जर्मनी 4.74 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ और भारत लगभग 04 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ। अमिताभ बच्चन ने एक पोस्ट और किया। उन्होंने भारतीय सेना और अग्निवीरों को सलाम किया। उन्होंने भारतीय सैनिकों की कोलाज बनी हुई दो तस्वीरें शेयर की। जिनमें एक फोटो पर अग्निवीर लिखा हुआ है। इस तस्वीर के साथ अमिताभ ने कैप्शन में लिखा, अग्निवीर जिंदाबाद। जय भारत माता की। जय हिंद। साथ में उन्होंने तिरंगे वाला इमोजी भी बनाया।



# 'राहु केतु' की दूसरी शूटिंग शेड्यूल के लिए मनाली रवाना हुयी शालिनी पांडे

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेत्री शालिनी पांडे अपनी आने वाली फिल्म 'राहु केतु' की दूसर शूटिंग शेड्यूल के लिए मनाली रवाना हो गयी हैं। अपनी दमदार परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली शालिनी पांडे अब पहाड़ों की वादियों में कदम रखने जा रही हैं।

वह अपनी अगली फिल्म राहु केतु की दूसरी शूटिंग शेड्यूल के लिए मनाली रवाना हो रही हैं। इस बहुप्रतीक्षित डार्क-कॉमेडी फिल्म में वह पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा के साथ नजर आएंगी। मनाली की खूबसूरत और ठंडी वादियां फिल्म के लिए एक अहम बैकड्रॉप बनेंगी, जिससे शूटिंग का यह नया चरण और भी रोमांचक हो गया है। शालिनी ने अपने करियर में बेहतरीन विविधता दिखाई है। उन्होंने महाराज में जुनैद खान के साथ अपने शानदार अभिनय से दिल जीता, और हाल ही में डब्बा कार्टेल में अपनी उपस्थिति से सबका ध्यान खींचा। हर किरदार में वह गहराई और स्क्रीन प्रेज़ेंस का बेहतरीन संतुलन पेश करती रही हैं। अब राहु केतु में उनकी एंट्री इस पहले से ही दमदार कास्ट में एक नया ट्विस्ट लेकर आ रही है।





# फिल्म 'कुबेरा' का नया टीजर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष और नागार्जुन की आने वाली फिल्म कुबेरा का नया टीजर रिलीज हो गया है। बहुप्रतीक्षित फिल्म कुबेरा निर्माताओं ने 'कुबेर का ट्रांस' शीर्षक वाला नया टीजर रिलीज किया है। इस फिल्म में तीन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता दिग्गज कलाकार एक साथ नजर आएंगे। धनुष, दूरदर्शी निर्देशक शेखर कम्मुला और संगीत के क्षेत्र में दिग्गज देवी श्री प्रसाद (डीएसपी) साथ मिलकर वे एक ऐसी फिल्म बना रहे हैं जो सिर्फ एक सिनेमाई अनुभव से कहीं बढ़कर है। इस दिल दहला देने वाले टीजर में डीएसपी का विद्युतीकरण करने वाला ट्रैक 'मेरी मेरी मेरी ये दुनिया सारी' है। टीजर में नागार्जुन, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ की अद्भुत झलकियाँ भी हैं। श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव द्वारा निर्मित, कुबेरा एक महाकाव्य पैमाने पर बनाई गई है और पांच भाषाओं - तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

उन्माद में व्यक्ति विवेक शून्य होकर बड़े से बड़ा अनर्थ करने में गर्व महसूस करता है यह सबसे बड़ा पाप है। धर्मात्मा पर जब उन्माद का भूत सवार होता है तो वह शैतान और राक्षस के बराबर हो जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक उन्माद अत्यंत खतरनाक है और आतंकवाद का निर्माता है। धार्मिक उन्माद में अंधा बना हुआ व्यक्ति अपने और पराए का ध्यान नहीं रखता। उसके लिए अंधेरा और प्रकाश एक समान हो जाता है। धर्म प्रकाश स्वरूप है जबकि धार्मिक उन्माद तम स्वरूप है। दोनों एक साथ नहीं रह सकते।




# सद्गुरु को 'ग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर पुरस्कार' सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर/कनाड़ा। प्रसिद्ध भारतीय योगी और ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु को कनाडा इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ) द्वारा ग्लोबल इंडियन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मानव चेतना को बढ़ाने और कॉन्शियस प्लैनेट अभियान के माध्यम से पारिस्थितिकी प्रयासों को आगे बढ़ाने में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारतीय मूल के उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है।

यह पुरस्कार समारोह 22 मई को टोरंटो में आयोजित किया गया था। पुरस्कार सीआईएफ के अध्यक्ष रितेश मलिक और राष्ट्रीय संयोजक सुनीता व्यास द्वारा इंडो-कनाडाई उद्योगपति और समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। सद्गुरु को 50,000 कनाडाई डॉलर का भी पुरस्कार दिया गया, जिसे उन्होंने कावेरी कॉलिंग को समर्पित किया, जो कावेरी नदी को पुनर्जीवित करने और 8.4 करोड़ लोगों के जीवन को बदलने की पहल है। यह अभियान कावेरी बेसिन में मिट्टी और जल को बढ़ाने के लिए 242 करोड़ पेड़ लगाने में किसानों का समर्थन करता है, जो पूरे भारत में नदी कायाकल्प के लिए एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में कार्य करता है। इस अवसर पर, सीआईएफ के अध्यक्ष रितेश मलिक ने कहा, सद्गुरु मिट्टी के क्षरण, जलवायु परिवर्तन और खाद्य गुणवत्ता जैसी ग्रह-व्यापी चुनौतियों के लिए व्यावहारिक और दीर्घकालिक समाधान प्रदान करते हैं। कनाडा को सद्गुरु जैसे विचारकों से बहुत लाभ हो सकता है, जिनकी शिक्षाएँ व्यक्तिगत कल्याण, स्थिरता और समावेशिता पर कनाडा के अपने फोकस के साथ मेल खाती हैं। योग और ध्यान पर उनका जोर, कनाडा की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, खासकर मानसिक बीमारी द्वारा पेश की गई बड़ी चुनौती में।

सद्गुरु ने कहा, कनाडा और भारत दोनों के विकास और समृद्धि में भारतीय समुदाय का योगदान देखकर बहुत अच्छा लगा। आपकी गर्मजोशी और आतिथ्य की मैं दिल से सराहना करता हूँ। ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद।


गौतम लोहिया


आयुष भीमसरिया

# गौतम बने मायुमं सेन्ट्रल के नए अध्यक्ष, आयुष बने सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मारवाड़ी युवा मंच सेंट्रल शाखा के नए पदाधिकारियों का चयन हुआ और शपथ ली। निर्वाचन अधिकारी सुरेश झाझरिया ने चयन में भूमिका निभाई। मंच के वरिष्ठ और पूर्व अध्यक्ष संदीप टिबरेवाल ने नव-निर्वाचित कार्यकारिणी समिति को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन बृजेश अग्रवाल ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में मायुमं कर्नाटक प्रांत के अध्यक्ष मोहित शर्मा, बेंगलूरु शाखा के पूर्व अध्यक्ष स्नेहकुमार जाजू सहित अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। मायुमं सेन्ट्रल की नई कार्यकारिणी समिति में गौतम लोहिया को अध्यक्ष, राहुल बंसल को उपाध्यक्ष, आयुष भीमसरिया को सचिव, ऋतिक बंसल को संयुक्त सचिव, गोपाल गोयल को कोषाध्यक्ष, विनीत अग्रवाल को सहकोषाध्यक्ष व शिशिर अग्रवाल को पूर्व अध्यक्ष के रूप में शामिल किया गया है। शपथ ग्रहण के पहले निवर्तमान अध्यक्ष शिशिर अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में हुए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। नए अध्यक्ष गौतम लोहिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य हैएक मंच, एक लक्ष्य। हम इस सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली बनाएंगे एवं समाज की ऊर्जा को एक नई दिशा देंगे।



# आचार्यश्री देवेन्द्रसागरसूरी ने जैन विहार समूह को किया प्रेरित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में आचार्यश्री देवेंद्रसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में रविवार को जैन विहार समूह की बैठक आयोजित हुई जिसमें बड़ी संख्या में समूह के सदस्यों ने भाग लिया। आचार्यश्री के समक्ष समूह के सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए तथा विहार सेवा को और उत्तम व सुरक्षित बनाने के लिए अनेक विषयों पर चर्चा की। आचार्यश्री ने ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इस विहार समूह से जुड़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सुमतिनाथ जैन संघ के अनेक पदाधिकारी व ट्रस्टी उपस्थित थे।



# धार्मिकता का प्रतीक है पैंसठिया छंद जप अनुष्ठान : साध्वीश्री पावनप्रभा

## शांतिनगर में आयोजित हुआ यह अनुष्ठान




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनगर क्षेत्र स्थित कुंडलिया सदन में सोमवार को तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में दिव्य, आध्यात्मिक एवं भावपूर्ण आध्यात्मिक जप अनुष्ठान का आयोजन साध्वीश्री पावनप्रभाजी, पुण्ययशाजी एवं सोमयशाजी के सान्निध्य में हुआ। साध्वीश्री पावनप्रभाजी ने श्री पैंसठिया छंद जप अनुष्ठान का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थितजनों को आध्यात्मिक ज्ञान, संयमशील जीवनशैली एवं आत्मोन्नति की दिशा में प्रेरित किया। जप, ध्यान और तप की त्रिविध साधना के माध्यम से साधकों ने आत्मा के शुद्धिकरण की अनुभूति की। साध्वीश्री पावनप्रभाजी ने कहा कि यह एक अद्भुत अनुष्ठान है, जिसमें 24 तीर्थंकरों की स्तुति की गई है। यह धार्मिकता का प्रतीक है। हमें धार्मिकता को सुरक्षित रखना चाहिए। यह छंद अनुपम, अनुपूर्वी और आत्मिक आधार पर निर्मित है। सागर श्रमण ने शोध किया कि छंद के बिना यंत्र की शक्ति नहीं होती और दोनों मिलकर इसकी शक्ति को दोगुना कर देते हैं, जिससे इसका प्रभाव और अधिक बढ़ जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत साध्वीश्री पावनप्रभाजी के मंगल भावना समारोह में तेयुप के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश कुंडलिया, मंगल कोचर, बच्छराज सुराणा, अमित भंडारी, दीपक सुराणा आदि ने आगामी चातुर्मास के लिए मंगलकामनाएं दी।

साध्वीश्री सोमयशाजी ने कहा कि यह अनुष्ठान अध्यात्म जागरण के लिए किया जाता है। यह शक्ति से भरपूर, पवित्र एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान है। साध्वीश्री सोमयशाजी का आगामी चातुर्मास केजीएफ में तय है। इस आयोजन में लगभग 1%5 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और इस सामूहिक जप एवं आध्यात्मिक ऊर्जा के अनुष्ठान में भाग लिया। यह अनुष्ठान न केवल एक धार्मिक आयोजन था, बल्कि आत्म-चिंतन, आत्म-संयम और आत्म-प्रकाश की ओर एक सशक्त कदम भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन तेयुप बेंगलुरु के परामर्शक जितेन्द्र घोषल ने किया। तेयुप के अध्यक्ष विमल धारीवाल ने सभी का स्वागत करते हुए साध्वीवृंद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। तेयुप के मंत्री राकेश चोरड़िया ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के संयोजक विकास चोरड़िया थे और प्रायोजक किरणचंद,प्रकाश, बजरंग कुंडलिया परिवार वाले थे। इस मौके पर तेरापंथ सभा, महिला मंडल, अणुव्रत समिति, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम सहित तेयुप के अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# मंत्र मैजिक द्वारा मानसिक शांति विशेष सत्र का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम सेंट्रल एवं फ्यूचरा विंग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष सत्र मंत्र मैजिक द्वारा मानसिक शांति विशेष सत्र का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत माण्डोत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में साध्वीश्री संयमलताजी का सान्निध्य मिला। इस अवसर पर साध्वीश्री ने कहा कि नियमित मंत्र साधना द्वारा न केवल मानसिक तनाव को दूर किया जा सकता है बल्कि आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति भी संभव है।

उन्होंने मंत्रों की शक्ति को वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझाते हुए सभी प्रतिभागियों को साधना के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मंत्रों के माध्यम से जीवन एवं स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन लाना था। कार्यशाला में 70 से अधिक सदस्य शामिल हुए। संयोजक संजय सुराणा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## ठंडी छाछ वितरण — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की अनुकम्पा टीम के द्वारा मई महीने में गर्मी से राहत दिलाने के लिए क़रीब 4000 लोगों को शीतल छाछ का वितरण साहुकारपेट के एनएससी बोस रोड स्थित रजत कार्यालय के पास वितरण किया गया। आसकरण कोटेचा, हितेश झाबक, कोठारी परिवार, महावीरचंद रमेश दर्डा, संपतराज राजेश पहाड़िया, प्रशांत चोरडिया, विजयराज बाघमार के सहयोग से हर रोज़ 500 से भी अधिक ठंडी छाछ के पाकेट बांटे गए। सात दिनों में कुल 4000 पाकेट बांटे गए। कार्यक्रम में चेयरमैन अजित कुमार चौरडिया, को-चेयरमैन ज्ञानचंद कोठारी, उपाध्यक्ष अशोक मुंदड़ा, संयोजक हनुमान सुखलेचा, रतन कटारिया, स्टॉफ मोहन आदि सदस्यों ने सेवाएं प्रदान की।




# काक्स्टा की क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल व फाइनल आगामी रविवार को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय कर्नाटक एग्रीकल्चर वाटर पम्प एंड स्पेयर्स ट्रेडर्स एसोसिएशन (काक्स्टा) के तत्वावधान में 13वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को गुरुकुल स्कूल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया। बोरवेल फ़ाइटर्स, हस्ती रॉयल्स, रोटोप्लास्ट चैलेंजर्स और वी-गार्ड कंगारूज टीम ने सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। डेल्टा पैंथर्स और ज़ील डेज़लर्स हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। प्रतियोगिता का सेमीफ़ाइनल एवं फाइनल आगाभी रविवार को खेला जाएगा। संघ के अध्यक्ष सुनील सुराणा ने बताया खेल के साथ अगले रविवार को अनाथ आश्रम की मदद के लिए चेरिटी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। संघ के सचिव संजय भिमानी ने कहा कि प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य सभी सदस्यों को आपस में जोड़ना और ज़रूरतमंदों की मदद करना है।

## बारिश — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



नीलगिरि जिले में सोमवार को हुई बारिश का असर सभी जगह देखने को मिला। ऊटी शहर में कई जगह जलजमाव देखा गया।



# 'जीतो साउथ' द्वारा टेली प्रशिक्षण सत्र का हुआ शुभारंभ

## 30 घंटे के सत्र में 40 प्रतिभागी ले रहे हैं प्रशिक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो चैप्टर साउथ, जीतो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीएफई) के संयुक्त तत्वावधान में 30-घंटे का टेली प्राइम विद जीएसटी स्पेशलाइजेशन कार्यक्रम शुरू किया गया। यह कार्यक्रम उच्च मांग वाले क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। सीएफई के संयोजक हितेंद्र जैन ने सभी का स्वागत किया तथा जगह उपलब्ध कराने के लिए ईआईएमआर बिजनेस स्कूल को धन्यवाद दिया। ईआईएमआर बिजनेस स्कूल के संस्थापक दीपक कुमार श्रीश्रीमाल ने कहा कि इस पाठ्यक्रम को अपने कैरियर के विकास और पेशेवर विकास के लिए चुनना बहुत महत्वपूर्ण है। निदेशक एनआईसीटी के निदेशक सुप्रीत ने कहा कि सीखे हुए कौशल को सही तरीके से सही समय पर लागू करने के बारे में जानना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षक, माधुरी और तकनीकी सहायक आनंद प्रतिभागियों को टेली का प्रशिक्षण देंगे। सचिव प्रकित गांधी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने का आह्वान किया। जीतो साउथ के चेयरमैन रणजीत सोलंकी ने शुभकामनाएं दी। इस प्रशिक्षण सत्र में 40 प्रतिभागी शामिल है जिन्हें प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा।

# उपकारी के प्रति वफादारी का संकल्प ही मानवता का गुण : राष्ट्रसंतश्री कमलमुनि



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेरकाडू। चेन्नई की ओर विहार करते हुए यहां के राम मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंतश्री कमलमुनिजी कमलेश ने कहा कि जिस व्यक्ति में वफादारी का गुण नहीं, वह कितनी भी कठोर साधना कर ले, तीर्थ की यात्रा कर ले, वह धार्मिक तो क्या इंसान कहलाने लायक भी नहीं हो सकता। पशु भी जिस घर का अन्न लेता है उसकी वफादारी में अपने प्राण लुटा देता है। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से जिन्होंने हमारे ऊपर उपकार किया, वह हमारे लिए साक्षात परमात्मा का रूप हैं।उनको अनदेखा करना, उनकी उपेक्षा करना साक्षात परमात्मा का अपमान करने के समान है। मुनि कमलेशजी ने कहा कि जो उपकारी के साथ भी दुर्भावना का व्यवहार करता है वह किसी शैतान से कम नहीं है। विश्व के सभी महापुरुषों और धर्म गुरुओं ने वफादारी को धर्म का प्रवेश द्वार बताया है।

जैन संत ने कहा कि धरती माता ने हमें सब कुछ दिया और जन्म देने वाली माता ने हमारी संभाल की, इन दोनों के प्रति हमें हमेशा वफादार रहना चाहिए। उपकारी के प्रति वफादारी का संकल्प ही मानवता का गुण है।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.